राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 60 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर समारोह को संबोधित किया।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# एआई-जी20 समिट में भारत का दबदबा: मोदी

## ● अंग्रेजों के बनाए एक कानून पर दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग क्यों खामोश रहेः पीएम

**कानून हटाए**

▶▶ कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जाएं तो उन्हें गिरफ्तार करते थे



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अंग्रेजों के बनाए एक कानून पर दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग क्यों खामोश रहे। अंग्रेजों का बनाया ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। पीएम ने ये बातें एक कार्यक्रम में कहीं। मोदी ने कहा कि एक कानून था- ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट। ये कानून अंग्रेजों ने 150 साल पहले बनाया था। अंग्रेज चाहते थे कि थिएटर और ड्रामे का इस्तेमाल उनके खिलाफ न हो। इस कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जाएं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। देश के आजाद होने के 75 साल तक यह कानून चलता रहा। यानी शादी के दौरान 10 लोग डांस कर रहे हों, तो पुलिस उन्हें अरेस्ट कर सकती थी। ये कानून हमारी सरकार ने हटाया। '70 साल तक हमने कानून झेला। मुझे उस समय की सरकारों के बारे में कुछ नहीं कहना, लेकिन मुझे लुटियंस जमात और खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य होता है। ये लोग 75 साल तक ऐसे कानून पर चुप क्यों थे। ये लोग जो आए दिन कोर्ट जाते रहते हैं, पीआईएल (जनहित याचिका) के ठेकेदार बने फिरते हैं, वे क्यों चुप थे? तब इन्हें लोगों की स्वतंत्रता का ध्यान नहीं रहता था।'

**पहले बांस काटने पर जेल में डाल देते थे**

पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी। हमारे देश में ऐसा कानून था, जिसमें बांस को पेड़ माना जाता था।

### इकोनॉमिक कॉरिडोर का खाका पेश किया

**पीएम** मोदी ने अपनी हालिया फ्रांस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि भारत अब दुनिया के बड़े समिट्स की अगुआई कर रहा है। मुझे फ्रांस में अक समिट में शामिल होने का मौका मिला। भारत इस समिट का को-होस्ट था। अब जल्द ही भारत इसे आयोजित करेगा।
भारत ने जी20 की अध्यक्षता करते हुए इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का खाका पेश किया। साथ ही अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनाकर ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की।

### भारत दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी एक्सपोर्टर बना

**भारत** दुनिया का 7वां सबसे बड़ा कॉफी का एक्सपोर्टर बन गया है। दशकों तक दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस करती है, लेकिन आज भारत न्यू फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है। भारत सिर्फ वर्कफोर्स नहीं, वर्ल्ड फोर्स है।
एआई से हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में होगा बदलाव
पीएम मोदी ने कहा कि अकआने वाले समय में करोड़ों लोगों की जिंदगी बदल सकता है। एआई के जरिए हेल्थ, एजुकेशन और एग्रीकल्चर में जबर्दस्त सुधार लाया जा सकता है। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो।

# मणिपुर में 21 महीने बाद हालात सामान्य होने के आसार



**समीक्षा बैठक**

▶▶ मणिपुर में 8 मार्च से सभी सड़कों पर लोगों की निर्विघ्न आवाजाही सुनिश्चित की जाए: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर जनता की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित की जाए और बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गृह मंत्रालय के अनुसार नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सेना के उप प्रमुख, पूर्वी कमान के सेना कमांडर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार मौजूद रहे।

## तुहिन कांत पांडेय ने सेबी चेयरमैन का कार्यभार संभाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तुहिन कांत पांडेय ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 11वें चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया। अबतक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे आईएएस अधिकारी पांडेय को केंद्र सरकार ने गुरुवार को सेबी का चेयरमैन नियुक्त किया था। तुहिन कांत पांडेय शनिवार को दोपहर बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) व्यापारिक जिले में स्थित सेबी के मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्?होंने कार्यभार संभाला। उन्होंने माधबी पुरी बुच की जगह ली है, जिनका तीन साल का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। पांडेय के कार्यभार संभालने के अवसर पर माधवी पुरी बुच मौजूद नहीं थीं, जो अस्वस्थ बताई जा रही हैं। बुच हाल ही में कथित हितों के टकराव को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में रही हैं।

# दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा



**फैसला**

▶▶ प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार का फैसला, 31 मार्च से लागू होगा नियम: सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की भाजपा सरकार यमुना को निर्मल बनाने के साथ दिल्ली के वायु प्रदूषण को काबू करने को लेकर सक्रिय हो गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के साथ शनिवार को बैठक की। उन्होंने ने कहा कि 31 मार्च के बाद 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली में बड़े होटलों, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़े निर्माण स्थल पर तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगवाना अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह हम सभी व्यापारिक कॉम्प्लेक्स के लिए भी यह अनिवार्य करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली की भाजपा सरकार गंभीर है। बैठक में दिल्ली में गंभीर प्रदूषण होने पर क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराने पर भी चर्चा हुई। क्लाउड सीडिंग के लिए जो भी अनुमति लेने की जरूरत होगी, उसे प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रदूषण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल की तीखी आलोचना की थी।

## अनुच्छेद 136 के इस्तेमाल पर उपराष्ट्रपति चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में मध्यस्थता पर एक सम्मेलन के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अनुच्छेद 136 के उपयोग से मध्यस्थता प्रक्रिया पर पड़ रहे प्रभाव पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि विशेष अनुमति याचिका को पहले संकीर्ण दरार माना जाता था, लेकिन इससे अब मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा है। संविधान का अनुच्छेद 136 सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी निर्णय या आदेश के खिलाफ अपील करने की विशेष अनुमति देता है। इसे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) कहा जाता है।

# बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना हैः मोदी



**विजन**

▶▶ हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों। उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है, स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को अधिकारों का अभिलेख मिला है।

# दिल्ली: 08 मार्च को महिला समृद्धि योजना का होगा शुभारंभ



**वादे पर खरे**

▶▶ सरकार ने कहा कि 8 मार्च को महिलाओं के खातों में 2500 रुपये जमा किए जाएंगे: सीएम रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 8 मार्च को महिला समृद्धि योजना का शुभारंभ करेगी। सरकार ने कहा कि 8 मार्च को महिलाओं के खातों में 2500 रुपये जमा किए जाएंगे।
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने होली से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने की तारीख का ऐलान किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में आश्वासन दिया था कि भाजपा सरकार महिलाओं को 2500 रुपये मासिक सहायता देने का अपना वादा पूरा करेगी। शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान रवाना होने से पहले अपने आवास के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह बात कही थी।

# राष्ट्रपति ट्रंप, वेंस और जेलेंस्की में जुबानी जंग



**गहमागहमी**

▶▶ नहीं हो सका यूक्रेन से खनिज समझौता, न बन सकी युद्ध रोकने पर बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यक्रम को लेकर कार्यकारी कार्यालय के लिए अधिकृत ओवल ऑफिस में पहली बार ऊंची आवाज सुनी गई। व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग में स्थित ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात कड़वे अनुभव के साथ खत्म हो गई। यूक्रेन के साथ प्रमुख खनिज समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं हो सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के पूर्व निर्धारित संवाददाता सम्मेलन को भी अचानक रद्द कर दिया गया। ओवल कार्यालय में हुई जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की दूसरे कमरे में चले गए। इस बैठक में उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद रहे। अमेरिका के 'सीबीएस न्यूज' चैनल के अनुसार, ओवल ऑफिस में तीनों के बीच हुई गरमा-गरमी के बाद जेलेंस्की अलग कमरे में चले गए। ट्रंप, वेंस व अधिकारी ओवल ऑफिस में रुके रहे। इस दौरान जेलेंस्की के कमरे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और राज्य सचिव मार्को रुबियो पहुंचे। दोनों ने उन्हें ट्रंप की नाराजगी से अवगत कराते हुए व्हाइट हाउस से चले जाने को कहा। ओवल ऑफिस की इस बैठक ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच गंभीर मतभेदों को उजागर किया। इस वजह से यूक्रेन और अमेरिका के बीच दुर्लभ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। न ही ट्रंप ने यूक्रेन पर रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होने का दबाव डाला।






# डीसीपी ने साइबर अपराध से बचाव के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर में शुक्रवार को डीसीपी प्रबीना पी. ने साइबर अपराध से बचाव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। डीसीपी ने कहा कि आज के समय में साइबर ठगी के नए तरीके सामने आ रहे हैं। ठग खुद को पुलिस बता कर लोगों से रुपये एंठने का प्रयास करते हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने आप को पुलिस वाला बता कर डिजिटल अरेस्ट किए जाने की बात कहे तो उसकी बातों में नहीं आना और उस फोन नंबर को या तो ब्लैक लिस्ट में डाल दें या फिर उसे फोन को ना उठाएं। उन्होंने आनलाइन वित्तीय ठगी, फेसबुक हैकिंग, फर्जी वेबसाइट व



बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। डीसीपी ने कहा कि अगर इस तरह के मामले में अगर किसी व्यक्ति के साथ फ्राड होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करके शिकायत कराएं। 1 घंटे के अंदर इस नंबर पर शिकायत होने के बाद जो पैसा जिन-जिन अकाउंट में गया है उसे ट्रेस किया जा सकता है और जिस अकाउंट में पैसा रहेगा, उसे ब्लाक करवाया जा सकता है। इसके बाद केस दर्ज होने पर वह पैसा कोर्ट के माध्यम से आपको वापस मिल सकते हैं।

## ट्रांसपोर्टर के खाते से 2.50 लाख निकले

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** आनलाइन ठगों ने एक ट्रांसपोर्टर के खाते से 2.50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में लल्हेड़ी गांव निवासी अंकित ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का काम है। उसका बैंक खाता एचडीएफसी बैंक में है। उसके पास 4 जनवरी को फोन पर मैसेज आया कि उसके खाते से ढाई लाख रुपये कट गए। उसके पास न ही किसी का फोन आया और न ही ओटीपी। जिसके बाद भी उसके खाते से पैसे निकल गए। वह बैंक गया और पता किया, लेकिन कुछ पता नही चला। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रहे है।

## ई रिक्शा चालक से ठेकेदार ने की मारपीट



**मारपीट**

**तहबाजारी ठेकेदार एक ईरिक्शा चालक के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है**

**बुलंदशहर:** नगर के बस स्टैंड क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें तहबाजारी ठेकेदार एक ईरिक्शा चालक के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि, बस स्टैंड पर हर समय पुलिस कर्मी मौजूद रहते हैं ' उसके बाद भी इस तरह की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। बीबीनगर में शुक्रवार को बस स्टैंड पर एक ई रिक्शा चालक एक दुकान पर सामान उतार रहा था। तभी तहबाजारी ठेकेदार वहां पहुंचा और पैसों को लेकर दोनों में विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले ईुरिक्शा चालक ने रॉड निकाल कर ठेकेदार के साथ मारपीट की, जिसके बाद ठेकेदार ने रॉड छीनकर ईरिक्शा चालक की पिटाई कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बताया गया कि बस स्टैंड पर हर समय पुलिस पिकेट तैनात रहती है, उसके बाद मारपीट की घटना होना बड़ी बात है। थाना प्रभारी ने बताया कि वायरल वीडियो में ठेकेदार हरिओम निवासी सालाबाद धुमेड़ा ई-रिक्शा चालक से मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है। आरोपी ठेकेदार पर कारवाई की जा रही है। जांच के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ई रिक्शा चालक ने पहले मारपीट की है तो खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राहुल पुत्रः जगत राम, पताः** माकन नं ए–3/104, भूतल मंजिल और पहली मंजिल, दाल मिल रोड, हस्तसाल विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली, **CT Case No. 520/2022, U/s 135 of The Indian Electricity Act,** थानाः मोहन गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No. 520/2022, U/s 135 of The Indian Electricity Act,** थानाः मोहन गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीणा अग्रवाल
एएसजे विशेष कोर्ट (इलेक्ट्रीसिटी)
द्वारका कोर्ट काम्प्लैक्स
द्वारका, नई दिल्ली

DP/2572/DW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहम्मद आशीष, पुत्रः** मोहम्मद मुर्शीद, **पताः** 115/डब्ल्यू–49, ब्लॉक एफ–7 सुल्तानपुरी, **दिल्ली FIR No: 75/21, U/S: 392/394/411/34 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आशीष,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आशीष,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आशीष, FIR No: 75/21, U/S: 392/394/411/34 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.04.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
महानगर दण्डाधिकारी–05 (पश्चिम)
कमरा नंबर 336ए, (तृतीय तल)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2610/OD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव** पुत्र **बाल्मिकी मौहल्ला हैपी स्कूल के पास, बहालगढ़, सोनीपत, हरियाणा** ने case **CC No. 8843/2022 U/s 138 NI Act, थाना द्वारका नोर्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजीव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजीव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 8843/2022 U/s 138 NI Act, थाना द्वारका नोर्थ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नंदिनी शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)
दक्षिण पश्चिम जिला
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/2580/DW/2025(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **दिनेश पुत्रः नानक चंद, केयर/ऑफः जंगली, पताः** मकान नं. 64, गली नं 3, जी ब्लॉक, चौधरी गजराज मार्किट, सोनिया विहार, दिल्ली **CC No. 1741/2019, U/s 138 NI Act,** थानाः भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1741/2019, U/s 138 NI Act,** थानाः भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2415/NE/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सन्नी टाक, पुत्र :** श्री सेवा राम, **पताः** मकान नं. 4738, गली नं. 112/6, बी–ब्लॉक, 25 फुटा रोड, संत नगर, बुराड़ी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 04593/2022 U/S 379/411/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी टाक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सन्नी टाक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 04593/2022 U/S 379/411/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सन्नी टाक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–09 (केंद्रीय)
कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2483/N/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रचना पत्नीः** राकेश **पताः** जे–118, मंगोलपुरी दिल्ली **इसके अलावा** जे–102, मंगोलपुरी दिल्ली **इसके अलावा** गांव–आलमपुर, तंह–अतरौली, थाना–दादो जिला–अलीगढ़ यू.पी. ने **FIR No. 1482/2021 U/s 376/323/498A IPC & 6 POCSO ACT थानाः मंगोलपुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रचना,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रचना,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1482/2021 U/s 376/323/498A IPC & 6 POCSO ACT थानाः मंगोलपुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रचना,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुशील बाला डागर
एएसजे उत्तर पश्चिम जिला कमरा नंबर 210
रोहिणी कोर्ट दिल्ली

DP/2593/OD/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अर्जुन, पुत्रः** नथुआ **पताः** झुग्गी नंबर 8 टीपीटी सेंटर आदर्श नगर, **दिल्ली FIR No. 175/21, U/S: 392/411 IPC, पुलिस थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन, FIR No. 175/21, U/S: 392/411 IPC, पुलिस थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तरी कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2374/NW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाज़िम** पुत्र **फय्यूम** निवासी **सी–26/571, हरिजन बस्ती, घरौली एक्सटेंशन, दिल्ली** ने case **FIR No. 295/2021 U/s 323/341 IPC, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **नाज़िम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नाज़िम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 295/2021 U/s 323/341 IPC, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नाज़िम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.05.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 16, पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2532/ED/2025(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिता खुराना, पत्नी :** श्री राज कुमार खुराना तथा **राज कुमार खुराना, पुत्र :** सोहन लाल, **पताः** 1560, आर आर ब्लॉक, नवीन शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 362/18 U/S 498A/406/34 IPC, थानाः शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिता खुराना** तथा **राज कुमार खुराना** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिता खुराना** तथा **राज कुमार खुराना** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 362/18 U/S 498A/406/34 IPC, थानाः शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिता खुराना** तथा **राज कुमार खुराना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्रुति शर्मा–I
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01
कमरा नं. 55, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2327/SHD/2025
(Court Matter)

### उत्तर रेलवे

ई–नीलामी नोटिस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग (दो पहिया एवं अन्य पार्सल) की सुविधा हेतु ठेका | 100 sq. ft. | UMB-TWnOP-01-25 | 06.03.2025 को 15:00 बजे |
| 2 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 89.16 sqm. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 3 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2160 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 4 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1500 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 5 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2109.41 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 6 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 4188 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 7 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1872 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | बठिंडा स्टेशन के सर्कुलैटिंग एरिया में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 10 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 11 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2500 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 12 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 720 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 13 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 150 sq.ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 14 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 6109 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 15 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 16 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1014 sq. ft. | UMB-Advt-05-25 | 13.03.2025 को 15:00 बजे |
| 17 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया (815.8 वर्ग मी) और चार पहिया (1226.12 वर्ग मी) पार्किंग हेतु ठेका। | | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 18 | सरहिन्द रेलवे स्टेशन पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 19 | अम्बाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | - | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |
| 20 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका | - | UMB-Mix-05-2025 | 13.03.2025 को 12:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये। 664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### Change of Name

I, SHWETA CHAUHAN D/O NARENDER CHAUHAN RO C-315. SECOND FLOOR, STREET NO. 9, MAJLIS PARK, ADARSH NAGAR DELHI-110033. That my Date of Birth is 20-05-1998. That my actual and correct name is SHWETA CHAUHAN and not SHWETA. That my name in future shall be known by the name and style of SHWETA CHAUHAN and not SHWETA for all purposes and correspondence.

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

## 31 मार्च के बाद दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजलः पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह

**वादों पर खरा**

**31 मार्च के बाद शहर भर के ईंधन स्टेशनों पर 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को पेट्रोल देना बंद कर देगीकर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सरकार ने वाहनों को लेकर शनिवार को एक बड़ा फैसला लिया। जिसमें पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।
पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को घोषणा की कि दिल्ली सरकार 31 मार्च के बाद शहर भर के ईंधन स्टेशनों पर 15 साल से अधिक पुराने वाहनों को पेट्रोल देना बंद कर देगी।

**प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम-सिरसा**
राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद, सिरसा ने कहा कि सरकार वाहनों से होने वाले उत्सर्जन और प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। बैठक में प्रमुख नीतिगत निर्णयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पुराने वाहनों पर प्रतिबंध, अनिवार्य एंटी-स्मॉग उपाय और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन में परिवर्तन शामिल हैं।

**एंटी-स्मॉग गन लगाने को लेकर क्या बोले सिरसा**
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली एयरपोर्ट, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स और दफ्तरों को एंटी-स्मॉग गन इंस्टॉल करने को कहा कहा गया है। सिरसा ने कहा, 31 मार्च के बाद कई बड़े होटलों, बड़े दफ्तरों, कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी निर्माण साइटें जो दिल्ली में हैं, उनके लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य कर दिया जाएगा। हम दिल्ली की सभी हाईराइज इमारतों, होटलों के लिए भी एंटी-स्मॉग गन लगाने को अनिवार्य करने वाले हैं।

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को भी किया जाएगा सूचित

बैठक के बाद सिरसा ने कहा, "हम पेट्रोल पंपों पर ऐसे गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से अधिक पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें कोई ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।" उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस फैसले के बारे में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को सूचित करेगी। पुराने वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति को प्रतिबंधित करने के अलावा, सिरसा ने घोषणा की कि राजधानी में सभी ऊंची इमारतों, होटलों और वाणिज्यिक परिसरों में वायु प्रदूषण के स्तर को रोकने के लिए एंटी-स्मॉग गन स्थापित की जानी चाहिए।

**कृत्रिम बारिश पर भी बोले सिरसा**
पर्यावरण मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम बारिश कराने की भी कोशिश करेगी।
हमने आज की बैठक में फैसला लिया है कि कृत्रिम बारिश के लिए जो भी परमिशन लेनी हो हम लेंगे और जब भी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब होगी, कृत्रिम बारिश कराकर प्रदूषण को कंट्रोल किया जाएगा।

90 फीसदी सार्वजनिक सीएनजी बसें होंगी बंद
इसके अलावा, उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 90 प्रतिशत सार्वजनिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा और स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की दिशा में सरकार के प्रयास के तहत इलेक्ट्रिक बसों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। ये घोषणाएं वायु प्रदूषण से निपटने के दिल्ली के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में आती हैं, जो शहर के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है।

# ड्रग्स तस्करी के मामले में पांच गिरफ्तार

**काबू**

**पकड़े गए सभी तस्कर अमर कॉलोनी के गढ़ी गांव में एक फ्लैट किराए पर लेकर रहते थे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड टीम ने पांच ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी तस्कर अमर कॉलोनी के गढ़ी गांव में एक फ्लैट किराए पर लेकर रहते थे और पूरी दिल्ली में चरस की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 3.965 किलोग्राम चरस बरामद की है, जिसकी कीमत लाखों रुपये में बताई गई है। गिरफ्तार तस्कारों की पहचान सुजीत थुलंग राय, सुनील लामा, राम और शिवराज राय के रूप में हुई है, जो नेपाली मूल के हैं जबकि रमन कालकाजी इलाके का रहने वाला है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड टीम को ड्रग्स तस्करों के बारे में सूचना मिली। सूचना को पुख्ता करने के बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके स्थित बीकानेर स्वीट्स के पास जाल बिछाया और तस्करों का इंतजार किया। कुछ देर बाद एक वाहन में दो लोगों को पुलिस टीम ने जांच के लिए रोका।
वाहन में मौजूद रमन और सुजीत थुलंग राय की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक बैग से 190 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने चरस जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सुजीत थुलंग राय ने बताया कि वह चरस अपने दो अन्य साथियों को देने के लिए जा रहा था, जो गढ़ी गांव में एक फ्लैट पर उसका इंतजार कर रहे हैं। पुलिस टीम दोनों तस्करों को लेकर गढ़ी गांव के फ्लैट पर पहुंची। फ्लैट में तीन लोग सुनील लामा, राम और शिवराज राय मौजूद थे। पुलिस ने फ्लैट की तलाशी ली, जहां दो बैग रखे मिले। पुलिस ने दोनों बैग से 2.516 किलोग्राम चरस बरामद की। फ्लैट में पुलिस ने तलाशी के दौरान 42,280 रुपये नकद बरामद किए, जो चरस की सप्लाई के बाद आए थे। पुलिस ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अमर कॉलोनी थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि नेपाली मूल के सुजीत थुलंग राय, सुनील लामा और शिवराज राय इस गिरोह को लंबे समय से चला रहे थे। सुजीत थुलंग राय अपने साथियों के साथ नेपाल और उत्तर-पूर्वी भारत के अन्य राज्यों से ड्रग्स, चरस आदि लेकर दिल्ली आता था। उसके बाद गढ़ी गांव के फ्लैट पर रखा जाता था। यहां से वह अलग अलग जगहों पर भेजा जाता था।

# नई दिल्ली के तमिलनाडु भवन में बम की कॉल से मचा हड़कंप

**अफवाह करार**

**स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन में शनिवार सुबह बम रखे जाने की कॉल से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पीसीआर वैन, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया और सघन तलाशी ली गई। तलाशी में कोई आपत्तिजनक चीज बरामद नहीं हुई। पुलिस ने घंटों की जांच-पड़ताल के बाद इस कॉल को हॉक्स करार दिया।
फिलहाल इस मामले में स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10.27 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि तमिलनाडु भवन में बम रखा हुआ है। उसके तुरंत बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। इधर, स्थानीय पुलिस तथा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड व अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गईं। दमकल विभाग के अनुसार करीब दो घंटे की तलाशी के बाद बम की कॉल को हॉक्स करार दिया गया।

# एलजी ने किया एनडीएमसी के पुष्प महोत्सव का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुष्प महोत्सव काशनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उद्घाटन किया। यह पुष्प महोत्सव कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एनडीएमसीके अध्यक्ष केशव चंद्रा और परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को फूलों का शहर बनाना उनका सपना है और पिछले ढाई साल में कई एजेंसियों, खासकर एनडीएमसी द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके अब अच्छे परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है



कि हम जल्द ही दिल्ली को फूलों का शहर बनाने में सफल होंगे और इन प्रयासों की न केवल देश भर के लोगों ने बल्कि यहां तैनात राजदूतों और राजनयिकों ने भी प्रशंसा की है। उन्होंने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए एनडीएमसी की भी सराहना की। एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के बाद यहां प्रदर्शित फूलों के गमलों और पुष्प कलाकृतियों को नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, गोल चक्करों और सड़कों के किनारे रखा जाना चाहिए, जिससे यहां से गुजरने वाले लोग भी सौंदर्य का अनुभव कर सकें।

**प्रकृति के करीब**

**कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को फूलों का शहर बनाना उनका सपना है**

यह पुष्प महोत्सव सभी के लिए खुला है और इसमें प्रवेश निःशुल्क होगा, जहां फूल प्रेमी खिलती प्रकृति के लाइव शो का आनंद ले सकते हैं और फूलों की सुंदरता को महसूस कर सकते हैं। एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का दो दिन के लिए आयोजन कर रही है। इसमें 10,000 से अधिक गमलों में 36 विभिन्न प्रकार के फूल लगाए गए है। इन्हें 18 खंडों में प्रदर्शित किया गया है।
एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न मौसमी फूलों के गमलों में लगे पौधों का समूह होगा, जैसे डहलिया, पेटुनिया, पैंसी, साल्विया, मैरी गोल्ड आदि। इसके अलावा एनडीएमसी पुष्प महोत्सव में पशु/पक्षियों की पुष्प आकृतियां, रंग-बिरंगे पुष्प बोर्ड, ट्रे गार्डन, बड़े आकार के हैंगिंग बास्केट, टेरारियम, इकेबाना जैसी पुष्प व्यवस्था, पूर्वी और पश्चिमी शैली भी शामिल है।

**संगीतमय फव्वारा मुख्य आकर्षण होगा**
पार्क में सभी का स्वागत शानदार पुष्प संरचनाओं के साथ किया गया है। इसमें पिरामिड, हार्ट शेप, सेल्फी पॉइंट, शंक्वाकार पुष्प संरचना, पुष्प सिलेंडर आदि शामिल हैं। पार्क के केंद्र में शाम को रंगीन रोशनी के साथ एक संगीतमय फव्वारा मुख्य आकर्षण होगा। इस दौरान एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल सक्सेना के मार्गदर्शन में एनडीएमसी नई दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा शहर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। दिल्ली को फूलों का शहर बनाने के सपने को साकार करने के लिए कौशल और विशेषज्ञता के साथ हर संभव प्रयास किया जाएगा और यह सपना जल्द से जल्द साकार होगा। चंद्रा ने आश्वासन दिया कि हम नई दिल्ली को विश्व स्तरीय मानदंडों के अनुरूप एक सुंदर शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आयुष लैब ने 'वैज्ञानिक के रूप में एक दिन' पहल के तहत खोले छात्रों के लिए दरवाजे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आयुष मंत्रालय ने 'वैज्ञानिक के रूप में एक दिन' पहल के तहत अपने संस्थान के युवा छात्रों के लिए आयुष लैब्स के दरवाजे खोल दिए हैं। इस पहल के तहत छात्रों को वैज्ञानिक अनुसंधान में उन्हें गहन अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ उन्हें प्रयोगशाला के काम, उन्नत उपकरणों और आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के साथ पारंपरिक चिकित्सा के एकीकरण का प्रत्यक्ष रूप से अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को आंध्रप्रदेश के गुडीवाड़ा स्थित डॉ. गुरुराजू सरकारी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच) के तहत क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान प्रयोगशाला का दौरा किया। आयुष मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि वैज्ञानिक के रूप में एक दिन



पहल के तहत सीसीआरएच प्रयोगशाला के कर्मचारियों ने छात्रों को होम्योपैथी में उपयोग किए जाने वाले प्रयोगशाला उपकरणों और अनुसंधान विधियों से रूबरू कराया। इसके साथ कैप्टन जयलाल एकेडमिक स्कूल, लोहाट, गुरुग्राम, बादली, झज्जर, हरियाणा के छात्रों ने आयुष अनुसंधान में गहन अनुभव के लिए केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, झज्जर का दौरा किया। इसके माध्यम से छात्रों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा के वैज्ञानिक सिद्धांतों का पता लगाने, शोधकताओं के साथ बातचीत करने और आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के जरिए पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक अनूठा अवसर मिला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए छात्रों को अपनी जिज्ञासा बढ़ाने और वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान प्रयोगशालाओं, तारामंडल, अंतरिक्ष केंद्रों और विज्ञान संस्थानों का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मकोका मामले में नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच की अवधि बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता नरेश बाल्यान से जुड़े मकोका मामले की जांच की अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया है। आआपा नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच अवधि 3 मार्च को खत्म हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने 24 फरवरी को इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मकोका मामले में नरेश बाल्यान से जुड़े मामले में जांच अभी चल रही है, उसको जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट नरेश बाल्यान की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। मकोका से जुड़े इस मामले में 4 जनवरी को दिल्ली पुलिस ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

# 2020 के दंगे एक सहज प्रतिक्रिया नहीं थेः शिक्षाविद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दंगे के पांच साल पूरे होने पर बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों के एक समूह ने शनिवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली दंगों के पांच साल पूरे होने पर बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों के एक समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियों ने कहा कि दंगे एक सहज प्रतिक्रिया नहीं थे। दंगे कुछ समूहों द्वारा अस्थिरता पैदा करने और राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने की एक साजिश का परिणाम थे। कार्यक्रम की शुरूआत में दंगा पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति एस.एन. ढींगरा, पूर्व सत्र न्यायाधीश राजेंद्र शर्मा , सुप्रीम कोर्ट में वकिल मोनिका अरोड़ा, आईपीएस एस.एन. श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, आईएफएस भास्वती मुखर्जी और कई अन्य लोग उपस्थित थे। न्यायमूर्ति एस. एन.




ढींगरा ने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह से भारत में लोग आपसी सामंजस्यपूर्ण सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जहां सदियों से समुदायों के बीच आपसी भाईचारा और सह-अस्तित्व देखने को मिलता है। ये सभी मूल्य एकता और साझा परंपराओं को बढ़ावा देते हैं और भारत में संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के समन्वयकारी मिश्रण को उजागर करते हैं। यह देश लंबे समय से विभिन्न धर्मों और समुदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का प्रतीक रहा है।न्यायमूर्ति ढींगरा ने चिंता जताई कि क्या यह सांस्कृतिक सद्भाव विशेष समुदायों के हाशिए पर जाने या शोषण के कारण प्रभावित हुआ है ? राजेंद्र शर्मा ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) ओर दिल्ली में हुई अशांति में इसकी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2020 के दिल्ली दंगों के पीछे के कारणों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि दंगे एक सहज प्रतिक्रिया नहीं थे। कुछ समूहों द्वारा अस्थिरता पैदा करने और राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने की एक साजिश का परिणाम थे। शर्मा ने स्पष्ट किया कि सीएए किसी भी तरह से भारतीय मुसलमानों के नागरिकता अधिकारों को नहीं छीनता है। सीएए विशिष्ट सताए गए

**दृष्टिकोण**

**जहां सदियों से समुदायों के बीच आपसी भाईचारा और सह-अस्तित्व देखने को मिलता है**


अल्पसंख्यकों को उनकी विशिष्ट ऐतिहासिक परिस्थितियों के आधार पर नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करता है। मोनिका अरोड़ा ने बताया कि नागरिकों के खोए हुए जीवन और सहे गए दर्द को याद रखना है ताकि भविष्य में ऐसा न हो।
उन्होंने उन अंतर्निहित कारकों की भी जांच करने पर जोर दिया, जिन्होंने इन भयानक दंगों की रूपरेखा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने और संघर्ष को बढ़ावा देने में सूचना युद्ध ( इन्फॉर्मेशन वारफेयर) का दृष्टिकोण बनाने की भूमिका अदा की।




# 55 लाख से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

**तैयारी**

**शांतिपूर्ण मतदान के लिए 393 संवेदनशील और 531 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई**



टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** शहरी निकाय चुनाव में 393 संवेदनशील एवं 531 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव करवाने के लिए एक-एक अतिरिक्त पुलिस कर्मी की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस टीम भी इन सभी मतदान केंद्रों का लगातार दौरा करेगी। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षकों एवं पुलिस चुनाव पर्यवेक्षकों को भी इन मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के लिए आदेश दिए गए हैं गुरुग्राम नगर निगम में 163 संवेदनशील एवं 256 अति संवेदनशील, रोहतक नगर निगम में 68 संवेदनशील और 72 अति संवेदनशील तथा हिसार नगर निगम में 42 अति संवेदनशील मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**55 लाख से अधिक मतदाता**
शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में 55 लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। 27 लाख पुरुष, 24 लाख महिलाएं एवं 184 अन्य मतदाता हैं। 5126 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नौ नगर निगमों में कुल 46 लाख पांच हजार 447 मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 22 लाख 31 हजार 987 पुरुष, 19 लाख 64 हजार 782 महिला तथा 144 अन्य मतदाता हैं। निगमों में कुल 252 वार्ड हैं जिनमें चार हजार 264 पोलिंग बूथ हैं। इसी तरह नगर परिषदों में कुल पांच लाख 69 हजार 164 मतदाता हैं जिनमें से पांच लाख से दो लाख 95 हजार 901 पुरुष, दो लाख 73 हजार 239 महिला तथा 24 अन्य मतदाता हैं।

## सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट करें नामित- पंकज

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि वे अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और इसकी सूची रिकार्ड के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। पंकज अग्रवाल आज इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हाल में ही सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने राज्यों में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट, पोलिंग स्टेशनवार नियुक्त करवाएं और इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि हरियाणा 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदान सूची तैयार करने में बीएलओ को मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी बूथ लेवल एजेंट उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने की चुनाव आयोग ने सिफारिश की थी, लेकिन अधिकांश राजनीतिक दल इसके प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 3 मार्च 2025 तक सभी राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंटों की जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दल जिलों में एक या दो व्यक्तियों को अधिकृत करें, जो बीएलए नामित करने के लिए आगे की प्रक्रिया जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि 4 व 5 मार्च को दिल्ली के भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन परिषद में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होना है और भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलए की नियुक्ति बारे में एक सत्र का आयोजन भी करना है। इसलिए यह जरूरी है।

## ग्रीन श्मशान घाटों की अवधारणा को हरियाणा कर रहा है पहल

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एचएचआरएस) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दाह संस्कार के लिए ग्रीन श्मशान घाटों की अवधारणा का सही ठहराया है और सिरसा जिले के अनेक गांवों में इसे लागू किया जा चुका है। इस अवधारणा के तहत दाह संस्कार में लकड़ी की बजाय गौकाष्ठ (गोबर के कंडे) से करना है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसका श्रेय पर्यावरणविद् डॉ. राम जी जैमल (गांव दड़बी, सिरसा) को जाता है। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा किए गए अध्ययन से पुष्टि हुई है कि इस विधि में केवल 60 किलोग्राम गौकाष्ठ की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक दाह संस्कार में 500-600 किलोग्राम लकड़ी लगती है। इसके अलावा यह विधि कम लागत वाली, धुआं रहित और प्रतिकूल मौसम में भी प्रभावी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी श्री एसके गुलाटी ने भी ग्रीन श्मशान घाटों प्रस्तुतिकरण दिया है। श्री गुलाटी ने हरियाणा सरकार से वित्तीय और प्रबंधकीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि वर्तमान में ग्रीन श्मशानों का रखरखाव केवल ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, ल्ल्फ्ष ने राज्य सरकार को प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण से धन आवंटित करने की सिफारिश की है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने उल्लेख किया कि उ3एटढ3 में बड़ी राशि अप्रयुक्त है, जिसे हरियाणा में ग्रीन श्मशानों के कार्यान्वयन के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। गुलाटी ने बताया कि स्थानीय समुदायों को दाह संस्कार में लकड़ी पर निर्भरता कम करने में मदद करना है।

**न्यूज फ्लैश**

### सीआईएसएफ के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय में "वीरता को सलाम" कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा में सेवानिवृत्त सीआईएसएफ बल सदस्यों को इकाई में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का अभिवादन किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों को उनकी शानदार सेवा के लिए सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पौधा और शॉल भेंट किया। इस मौके पर वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 मार्च तक 56वें सीआईएसएफ स्थापना दिवस तक चलने वाली गतिविधियों की एक सप्ताह श्रृंखला की शुरुआत है। सीआईएसएफ अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है। इस कार्यक्रम के दौरान योगेश प्रकाश सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण से संबंधित बल मुख्यालय की विभिन्न परियोजनाओं जैसे कि पेंशन कॉर्नर ऐप और ई-सर्विस बुक इत्यादि से उपस्थित सेवा निवृत्त कर्मियों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ हमेशा अपने दिग्गजों के साथ खड़ा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रम कर्मियों में अपनेपन की भावना को जीवित करने और गर्व की गहरी अनुभूति पैदा करने का कार्य करते हैं। इस दौरान उन्होंने सीजीएचएस कार्यालय चंडीगढ़ के अधिकारियों ने उपस्थित सेवा निवृत्त कर्मियों को सीजीएचएस लाभ एवं सीजीएचएस कार्ड बनवाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि 'वीरता को सलाम कार्यक्रम अपने सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा को मान्यता देने और उनके निरंतर कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सीआईएसएफ के समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस मौके पर चंडीगढ़ स्थित पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय की सीआईएसएफ इकाई के कर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी दौरान सीआईएसएफ के दिग्गजों ने इकाई कर्मियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

### ट्रांसफर से जुड़ी याचिका पर हाई कोर्ट का जवाब

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ऑनलाइन ट्रांसफर नीति 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि नीति बनाने का अधिकार सरकार के पास होता है और कोर्ट को नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर सेवा का एक अनिवार्य हिस्सा है और कर्मचारी अपने स्थान को लेकर कोई मौलिक अधिकार नहीं जता सकते। यह मामला कई याचिकाओं से जुड़ा था। जिसमें मुख्य याचिकाकर्ता गौरव वधवा और अन्य थे जिन्होंने राज्य सरकार की नई ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को अनुच्छेद 14 के तहत मनमाना और असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि 15 जून 2023 को लागू की गई यह नीति राज्य सरकार की मॉडल नीति से भिन्न है और इसमें कई अनुचित प्रावधान हैं। उदाहरण के लिए, ट्रांसफर के लिए अंक देने के मानदंडों में आयु को 60 अंकों का वेटेज दिया गया जिससे वरिष्ठ कर्मचारियों को प्राथमिकता मिलती है जबकि युवा कर्मचारियों को मनचाही पोस्टिंग नहीं मिल पाती। दंपती मामले में केवल उन्हीं कर्मचारियों को अतिरिक्त अंक मिलते हैं जिनके पति या पत्नी किसी सरकारी विभाग, बोर्ड या निगम में कार्यरत हैं जबकि निजी क्षेत्र में काम करने वालों को इस सुविधा से वंचित रखा गया।

### सभी उम्मीदवारों को किये गए चुनाव चिन्ह आबंटितः धनपत सिंह

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम में नाम वापिस लेने के अंतिम दिन के बाद महापौर (मेयर) पद के लिए 4 तथा 26 वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए 103 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं। राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम के 26 वार्डों में कुल 365 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वार्ड वाइज मतदाता सूची के अनुसार कुल 4 लाख 8 हजार 534 मतदाता हैं जिनमें से 2 लाख 17 हजार 559 पुरुष मतदाता है।

# तीन गुणा गति से विकास करवाने की होगी सरकार की गारंटीः नायब सिंह सैनी

**पिपली नीलधारी गुरुद्वारा साहब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को टेका माथा**

**माथा टेका**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र /लाडवा :** नगर निकाय के चुनावों का प्रचार-प्रसार बंद होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सीधा हल्का लाडवा में पहुंचे। यहां पर फुर्सत के अहम क्षणों को हल्का के नागरिकों के साथ बिताया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हल्का के नागरिकों के साथ मन की बात को सांझा किया। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपने बीच पाकर हल्का के लोग गदगद हो गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को अचानक हल्का लाडवा में नागरिकों के साथ मन की बात को सांझा करने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री सबसे पहले हल्का के नीलधारी गुरुद्वारा साहब पिपली में पहुंचे और यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के नागरिकों की सुख शांति के लिए अरदास भी की। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा ने भी श्री गुरु ग्रंथ साहब को माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हल्का लाडवा के कुनाल शर्मा, पंकज बजाज, राजन वडेरा, लक्की गर्ग, पवन अटवाल, नीरज अग्रवाल सहित अन्य नागरिकों से अपने मन की बात को सांझा किया और उनके परिवारजन का हाल चाल भी पूछा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इस सहज स्वभाव को देखकर हल्का के आम नागरिक आश्चर्य चकित रह गए और उन्होंने भी खुल कर मुख्यमंत्री के साथ बातचीत की। इस बातचीत के बाद आम नागरिकों के चेहरे पर विशेष खुशी को देखा जा सकता था। मुख्यमंत्री के समक्ष परिवार के बच्चों से लेकर बुर्जुग ने भी अपने मन की बात को रखा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों की सेवा करना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है, इसी उद्देश्य को लेकर हल्का के नागरिकों के साथ-साथ प्रदेशवासियों के बीच पहुंच रहे है। इस बातचीत के दौरान कई सकारात्मक सुझाव और विषय भी संज्ञान में आते है। इन सुझावों पर प्रदेश सरकार की तरफ से संज्ञान भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा प्रदेश के शहरों में छोटी सरकार बनने जा रही है। इस छोटी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास के पथ पर दौड़ेगी। इस सरकार का लक्ष्य है कि लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को मूलभूत सुविधाए मिल सके।

## अवैध खनन तथा खनिज परिवहन पर लगातार की जा रही प्रभावी कार्रवाई

**कार्रवाई**

**नारनौल जिला प्रशासन ने बिना ई-रवाना रोड़ी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा**

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा खनन एवं भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारनौल जिला प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव दताल के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली को बिना ई-रवाना रोड़ी ले जाते पकड़ा। इस पर लगभग 2.15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। खनन विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग, फॉरेस्ट विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संयुक्त टीम शनिवार को नांगल चौधरी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान नांगल चौधरी से बहरोड़ रोड पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली राजस्थान की तरफ जा रहा था। टीम ने इसे मौके पर ही पकड़कर जाजात चैक किया। इस दौरान पता चला कि यह बिना ई-रवाना के ही रोड़ी का परिवहन कर रहा था। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 2.15 लाख रुपए की जुर्माना कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यह टीम लगातार जिला के विभिन्न क्षेत्रों में दिन-रात गश्त कर रही है। अवैध खनन अथवा खनिज के अवैध परिवहन के मामलों पर टीम लगातार प्रभावी तरीके से कार्रवाई कर रही है।

## गुरुग्राम के पांच निकाय चुनाव में 11 लाख 7 हजार 689 मतदाता डालेंगे वोट

**गुरुग्राम।** जिला में रविवार को पांच निकाय क्षेत्रों में 1109 बूथों पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसमें 11 लाख 7 हजार 689 मतदाता अपने निर्वाचन अधिकार का प्रयोग कर अपनी निकाय सरकार चुनेंगे। निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत 12 मार्च को मतगणना कार्य संबंधित निकाय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान पर किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने शनिवार को बताया कि जिला में गुरुग्राम नगर निगम के मेयर व 36 वार्डों में पार्षद पद के लिए वोट डाले जाएंगे। गुरुग्राम नगर निगम के सभी वार्डों में वोटर्स की संख्या 9 लाख 2 हजार 776 है।

## चंडीगढ़ में कोठी की तलाश में है मंत्री विपुल गोयल

**तलाश जारी**

**विपुल अब तक 4 कोठियां पसंद कर चुके हैं, लेकिन जो भी कोठी वह लेना चाहते हैं, उसमें बाधा आ जाती है**

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल शपथ लेने के विपुल गोयल अब तक 4 कोठियां पसंद कर चुके हैं, लेकिन जो भी कोठी वह लेना चाहते हैं, उसमें कोई न कोई बाधा आ जाती है। उन्होंने पहले पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की कोठी मांगी, लेकिन वह खाली ही नहीं हुई। अब उन्होंने पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद वाली कोठी की मांग की है। विपुल गोयल को अभी एक प्राइवेट कोठी में रहना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि अभी वह चंडीगढ़ में सेक्टर-8 में एक कोठी में रह रहे हैं। यह उनके किसी करीबी की है। गोयल के अलावा मंत्री अनिल विज को भी अपनी मनपसंद कोठी नहीं मिल पाई थी। इस वजह से वह अंबाला से ही सचिवालय अपडाउन कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई। सीएम के साथ 13 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें विपुल गोयल भी शामिल थे। मंत्री बनने के बाद गोयल ने चंडीगढ़ सेक्टर-7 में कोठी नंबर 70 की मांग की। यह कोठी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष रहते आवंटित की हुई थी। मगर, अभी कोठी खाली नहीं की गई, जिसके कारण गोयल को यह कोठी नहीं मिल पाई। विपुल गोयल को सेक्टर-7 में ही कोठी नंबर 68 पसंद आ गई। इसके लिए उन्होंने अपनी इच्छा भी सरकार में जताई। हालांकि, यहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। दरअसल, जब इस कोठी का वास्तु चेक कराया गया तो वह गड़बड़ निकला। पंडित ने उन्हें यहां रहने से मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने इस कोठी पर से भी दावेदारी छोड़ दी। मंत्री ने सेक्टर-7 में पूर्व सीएम हुड्डा के सामने वाली लाइन में चंडीगढ़ प्रशासन के एक गेस्ट हाउस को लेने की इच्छा जाहिर की। चूंकि, यह गेस्ट हाउस चंडीगढ़ प्रशासन के अधीन था, इस वजह से उनकी यह ख्वाहिश भी पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद मंत्री गोयल ने प्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके रिटायर्ड आई ए एस अधिकारी टीवीएसएन प्रसाद वाली कोठी लेने की इच्छा जताई है। यह कोठी सेक्टर-16 में है। दरअसल, प्रसाद को रिटायर हुए अभी 4 महीने हुए हैं। उन्हें कोठी खाली करने के लिए 6 महीने का समय मिलता है। हालांकि, अगर वह अनुरोध करें तो सरकार यह टाइम बढ़ा भी सकती है।

## कांग्रेस नेता सुरजेवाला के अवैध खनन के आरोप निराधार और तथ्य से परेः कृष्ण लाल

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा सरकार की मिलीभगत से प्रदेश के 14 जिलों में हो रही अवैध खनन के बयानों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप निराधार और तथ्य से परे हैं। कांग्रेस नेता केवल झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए अवैध खनन में राज्य सरकार की संलिप्तता के ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं चरखी दादरी के पिचोपा कलां का दौरा किया तथा वहां अवैध खनन का कोई निशान नहीं पाया। उन्होंने कहा कि रणदीप सुरजेवाला द्वारा बताए गए 14 जिलों में से कैथल जैसे जिले में साधारण मिट्टी के अलावा कोई भी महत्वपूर्ण खदान या लघु खनिज नहीं है तथा उन जिलों में भी अवैध खनन को रोकने के लिए नियमित प्रयास किए जा रहे हैं।

**जनवरी से अब तक 13,282 वाहनों की जांच की गई है, 575 वाहनों को किया गया जब्त**

मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए तीन स्तरीय नेटवर्क बनाने के लिए संबंधित उपायुक्तों को पहले ही निर्देश दिए हैं, जिसमें नाका/चेक पोस्ट, फ्लाइंग स्क्वॉड शामिल हैं। यमुनानगर जिले में पहले से ही 16 नाके लगाए गए हैं। यहां तक कि मुख्यालय से टीमों को भी विभिन्न जिलों में अवैध खनन की जांच के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह से अब तक फील्ड अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान 13,282 वाहनों की जांच की गई है और 575 ऐसे वाहनों को जब्त किया गया है जो अवैध रूप से खनन सामग्री/बिना ई-रवाना के ले जा रहे थे। इसके अलावा, उपायुक्तों को अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखने और अवैध खनन की शिकायत/इनपुट मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## पेपर लीकः सत्ता के नशे में सरकार मस्त, हरियाणा के परीक्षार्थी त्रस्तः सैलजा

**साधा निशाना**

**जो शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं के परीक्षार्थियों के साथ-साथ हर परीक्षा का परीक्षार्थी त्रस्त है**

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता के नशे में मस्त है जो शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं के परीक्षार्थियों के साथ-साथ हर परीक्षा का परीक्षार्थी त्रस्त है। एक के बाद परीक्षाओं के पेपर लीक होते जा रहे है, सरकार की अनदेखी से प्रतिभावान विद्यार्थियों के भविष्य चौपट होता जा रहा है। आखिर सरकार युवाओं को बर्बाद करने पर क्यों तुली हुई है। हरियाणा में शिक्षा का बेड़ा गर्क करने का काम किया जा रहा है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, उसके कार्यकाल में हर वर्ष कोई भी परीक्षा बिना धांधली के संपूर्ण नहीं हुआ, अधिकतर परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। अब लोग एक ही बात कहने लगे है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं है बल्कि पेपर लीक और घोटालों की सरकार चल रही है। इस सरकार के कार्यकाल में बोर्ड से लेकर भर्ती तक, ग्रुप-डी से लेकर एचसीएस तक के पेपर लीक हुए हैं। कुछ दिन पूर्व एमबीबीएस परीक्षा में धांधली हुई। अब बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक होने से साफ हो गया है कि इस सरकार में पेपर लीक माफिया सरकार से भी ज्यादा पॉवरफुल हो गया है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा सरकार को पेपर लीक माफिया ही चला रहा है। पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में उजागर हुए एमबीबीएस पेपर घोटाले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

## सोनीपत में होगी भाजपा की रिकॉर्डतोड़ व ऐतिहासिक जीतः जैन

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपतः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने शनिवार को डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क साधकर वोट की अपील की। उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर घर-घर जाकर लोगों से मेयर उपचुनाव में भारी मतों से जीत दिलाने के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे 2 मार्च को मेयर उपचुनाव में बढ़चढ़ कर और पूरे जोश के साथ मतदान करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने



भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस बार प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। निकाय चुनाव में जनता के समर्थन व सहयोग से भाजपा सोनीपत से सबसे बड़ी जीत हासिल करेगी। राजीव जैन ने जैन बाग कॉलोनी, आदर्श नगर नगर, जीवन नगर, सेक्टर- 14 मेन मार्केट, पटेल नगर, चौहान जोशी, लक्ष्मण कॉलोनी, गोहाना रोड बाईपास, कुम्हार गेट, वाल्मीकि बस्ती, सुजान सिंह पार्क, शास्त्री कॉलोनी, मलिक कॉलोनी, प्रगति नगर, पंचायत भवन, अशोक विहार, विशाल नगर, आर्य नगर, गुगा मंदिर, शीशराम बाग कॉलोनी आदि जगहों पर मतदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क साधा और भाजपा के पक्ष में जोरशोर से मतदान करने की अपील की। इस दौरान राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजय संकल्प यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने जिस उत्साह व भरोसे के साथ हिस्सा लिया, उससे हमारा हौसला बढ़ गया है। सोनीपत की जनता ने भाजपा को समर्थन देने का मन पूरी तरह से बना लिया है। जनता के असीम स्नेह व समर्थन की बदौलत सोनीपत नगर निगम मेयर उप चुनाव में भाजपा की रिकॉर्डतोड़ व ऐतिहासिक जीत होगी। इस दौरान उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनके मेयर बनते ही जहां सोनीपत के शहरी क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा, वहीं सोनीपत नगर निगम में शामिल गांवों का शहरी तर्ज पर विकास होगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत के विकास को लेकर रोडमैप तैयार है। मेयर चुनाव संपन्न होते ही जनता के सहयोग व उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप इस रोडमैप व विकास के मॉडल को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

# पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला रेडक्रॉस** सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला के 9 महाविद्यालयों के 100 छात्र व छात्राएं एवं काउंसलर ने भाग लिया। रेडक्रॉस सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि इस शिविर में गुलशन कुमार ग्रोवर व निरुपमा भट्टी द्वारा विधिवत रूप योगा बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कुमारी किरण कश्यप,लेक्चरर द्वारा




सी.पी.आर. के माध्यम से कैसे कृत्रिम श्वास दे कर किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है बारे में प्रैक्टिकल रूप में समझाया गया। फायर मेन गुरप्रीत सिंह द्वारा आग लग जाने पर हमें क्या सावधानी बरतनी चाहिए और कैसे आग लगने पर काबू पाया जा सकता हैं इस अवस्था में हमे फोन नंबर का पता होना जरूरी है बारे जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि डा. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नशे जैसी बीमारी से कैसे बचा जा सकता है इस बुराई को मिटाने के लिए युवाओं की अहम भूमिका होती है। सूबेदार रविन्द्र कौशिक द्वारा रोड सेफ्टी विषय पर प्रकाश डाला गया और मोबाईल फोन का उपयोग करते समय हमें क्या सावधानी बरतने की आवश्यकता है हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। संरक्षण अधिकारी सविता राणा ने साईबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें आल ओवर टीम का खिताब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र को मिला। पोस्टर मेंकिंग में प्रथम वर्षा, द्वितीय गुरजोत, तृतीय गुंजन, डांस में प्रथम वर्षा, द्वितीय इशी, तृतीय ईशा, स्पीच प्रतियोगिता में रोहित प्रथम, अंजलि द्वितीय, मीनाक्षी तृतीया, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम इशु, द्वितीय ईशा, तृतीय तनसुया, बेस्ट केडिट ईशु एवं दिग्विजय सिंह रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर दिनेश राणा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को मानव सेवा के लिए आगे आना चाहिए तथा इस विषय के बारे में सभी को जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर कैंप निदेशक कुमारी अंजू कश्यप, डा. दुर्गा दत्त, डा. सीमा पांडे, डा. रीना, डा. मनजीत, डा. निरुपमा भट्टी, डा. ज्योति,किरण कश्यप , गुलशन कुमार ग्रोवर, लिपिक ओम प्रकाश मौजूद रहे।

# पीएनबी ऋण संबंधित जरूरतों को पूरा करता है: भूषण शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना। पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, पानीपत** द्वारा अनाज मंडी गोहाना में कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन रामधारी जिंदल ने शिरकत की। कृषि प्रसार कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, एग्रीकल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर फंड,पीएमएफई केंद्रित स्कीमों को शामिल हुए । मंडल प्रमुख भूषण शर्मा ने बताया कि कृषि प्रसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एग्री उद्यमियों को मजबूती प्रदान कर उनकी ऋण संबंधित जरूरतों को पूरा करना ताकि वे देश की तरक्की में अपना योगदान और मजबूत कर सकें । ग्राहकों को संबोधित करते हुए भूषण शर्मा ने कहा कि पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर कृषि ऋण प्रदान कर रहा है । बैंक ग्राहक के पास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से खुद चलकर आता है और एक ही स्थान पर सब तरह की कृषि ऋण उत्पादों की जानकारी देते




हुए ग्राहक की आवश्यकता अनुसार उन्हें ऋण प्रदान करता है। अंचल कार्यालय से मुख्य प्रबंधक नवतेज ने बताया कि पीएनबी बैंक हरियाणा राज्य में अग्रणी बैंक के रूप में कार्य कर रहा है व ग्राहकों को अपने उत्पादों के माध्यम से सुचारू सेवाएं प्रदान कर रहा है । बैंक द्वारा प्रदर्शनी में शामिल ग्राहकों को बैंक प्रदत्त विभिन्न एग्री लोन स्कीम व अन्य बैंकिंग उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की गई । एग्री लोन एक्सपो के दौरान विभिन्न सोलर पैनल वेंडर, स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्राहकों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।एक्सपो के दौरान विभिन्न ग्राहकों ने अपने बैंकिंग के अनुभव शेयर किए । आरएसईटीआई प्रबंधक मंडल नीरज द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार योजनाओं के बारे में सभी को अवगत करवाया व मंडल कार्यालय, पानीपत के मंडल के उप मंडल प्रमुख जय पाल सैनी , एमसीसी प्रमुख सुनील कुमार गुप्ता, बैंक के हाई नेटवर्थ कस्टमर डॉ प्रदीप, जितेंद्र गेरा उपस्थित रहे ।

# सेफ इंडिया फाउंडेशन ने किया 3 लावारिस अस्थियों का विसर्जन व तुलसी प्रवाहित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सेफ इंडिया फाउंडेशन** द्वारा जिला सोनीपत के शमशानों में रखी हुई अस्थियां जिनमे से गन्नौर से 1 लावारिस अस्थि व सोनीपत के विभिन्न शमशान से 2 अस्थि लेकर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के तहत जिले के अलग अलग शमशानों से 5 लावारिस लोगों की अस्थि इकट्ठा कर विधि विधान से पूजा करवा कर हरिद्वार गंगा जी में विसर्जित किया गया सुबह 5 बजे तिरंगा चौक शिवमुक्ति धाम सोनीपत से अस्थि लेकर संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा,समाज सेवी नरेन्द्र भूटानी के साथ रवाना किया गया, संस्था के प्रधान संजय सिंगला व सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने की पहली तारीख को जिला सोनीपत के सभी शमशान घाटों से



लावारिस अस्थियों को लेकर विसर्जन किया जाता है तथा जो लोग अपने खर्चे पर अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार नही ले जा सकते उनको भी इस गाड़ी में आने जाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि कहते है जिसका कोई नहीं होता उसके भगवान होते है और उन्हीं प्रभु की कृपा से यह सेवा चल रही है,इसके अलावा संस्था द्वारा सूखे या खराब हुए तुलसी के या अन्य धार्मिक पौधों को भी गंगा जी विसर्जित करने का कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत आज काफी तुलसी के पौधे भी गंगा जी प्रवाहित किये गए इस कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कुच्छल है, सेफ इंडिया फाउंडेशन लगातार कई वर्षो से यह अस्थि विसर्जन कार्य कर रही है।

# सेवा के माध्यम से ही किया जा सकता है समाज का भला: हरदीप राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मानव सेवा** संघ में मानवता जनशक्ति फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन करवाकर व हवन कर मनाया गया। इस मौके पर बुजुर्गो सहित कार्यक्रम में शामिल जरूरतमंद लोगों का सम्मान भी किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने बताया कि उनका यह फाउंडेशन समाज के सभी क्षेत्रों में काम कर रहा है। समाज के जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाता रहता है और इसी उद्देश्य के साथ आज के ही दिन फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। क्योंकि आज हरदीप राणा का जन्मदिन भी है और मानव कल्याण कार्यो के चलते फाउंडेशन को स्थापित किया गया था।

# मतदाता शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में करें बढ़ चढ कर मतदान: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे 2 मार्च को होने वाली शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ कर मतदान करें। मतदान में केवल वही मतदाता मताधिकार का उपयोग कर सकेगा जिसका नाम सम्बन्धित नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि मतदाता का नाम सम्बन्धित नगर परिषद अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। जिन मतदाताओं के पास यदि वोटर कार्ड नहीं हैं तो वे अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं। ऐसे मतदाता पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य पब्लिक सेक्टर अण्डरटेकिंगस द्वारा कर्मचारियों को जारी



सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, स्वतंत्रता सेनानी फोटो पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त एससी, एसटी, ओबीसी प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, मनरेगा कार्ड, फोटोयुक्त संपत्ति दस्तावेज, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक, पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, भूतपूर्व विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश फोटो सहित, स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित, राशन कार्ड, यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड दिखाकर वोट डाल सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### करनाल में मेयर व नगर पार्षदों के आम चुनाव के लिए रविवार 2 मार्च को होगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निगम करनाल में मेयर व नगर पार्षदों के चुनाव के लिये रविवार 2 मार्च को प्रात 8 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक मतदान होगा। निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सेक्टर-14 स्थित पंडित चिरंजीलाल राजकीय महाविद्यालय परिसर से ईवीएम सेट व अन्य चुनाव सामग्री को लेकर पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिये रवाना हो गईं हैं। उपायुक्त ने इस मौके पर पोलिंग पार्टियों को चुनाव से संबंधित जरूरी हिदायतों के बारे में अवगत कराया और कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां पूरी निष्ठा व ईमानदारी से चुनाव में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें, किसी के साथ पक्षपात न होने दें। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंचते ही सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि बूथ के आसपास कहीं किसी राजनीतिक पार्टी अथवा उम्मीदवार का पोस्टर, बैनर तो नहीं लगा है। दीवार पर यदि नारे भी लिखे गये हैं तो उसे साफ करा दें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री कुणाल कपूर पुत्र श्री कमल कपूर पताः 1/7708, रोड नं.3, ईस्ट गोरख पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 इसके अलावा श्री कुणाल कपूर (ओएसडी आर-II के कार्यालय सहायक), नीति आयोग कार्यालय, पटेल चौक, नई दिल्ली-110001 ने सीसी सं. 539053/16 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः आई. पी. एस्टेट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्री कुणाल कपूर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्री कुणाल कपूर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी सं. 539053/16 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः आई.पी. एस्टेट, दिल्ली **के उक्त श्री कुणाल कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
(एनआई एक्ट)-05 सेंट्रल जिला
कमरा नं.02, कोर्ट बिल्डिंग एनेक्सी-01,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2621/CD/2025

# निर्विरोध ब्लाक समिति अध्यक्ष चुने गए अनिल भोगीपुर, अरुण शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**
समालखा आगामी 9 से 11 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जिसमें करीब 150 सिक्योरिटी गार्ड व 65 सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं शनिवार को चुलकाना धाम श्री श्याम बाबा मंदिर में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे के महेश्वरी व गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एसपी बंसल व उनकी धर्मपत्नी एवं यूनिवर्सिटी सेक्रेटरी गीता बंसल ,गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल व गीता यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर अंकुश बंसल ने श्री श्याम बाबा मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना की।

इस दौरान यहां पहुंचने पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल छौंककर व जॉइंट सेक्रेटरी सुरेश कुमार ने उनका पटका पहनाकर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल छौंककर ने कहा कि बाबा के दरबार में कोई छोटा बड़ा नहीं है। यहां पर सभी श्याम के भक्त हैं।

# राजबीर सिंह 35 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान व प्रोद्योगिकी** विश्वविद्यालय मुरथल से पैंतीस वर्ष की लम्बी अवधि के सेवाकाल के बाद। प्रोफेसर राजबीर सिंह, प्रबंधन अध्ययन विभाग, सेवानिवृत हो गए।इस अवसर पर प्रबंधन विभाग व डीक्रूटा की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में चेयरमैन व डीन प्रोफेसर महापात्रा ने बताया कि प्रोफेसर राजबीर सिंह ने अपने सेवाकाल में विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों यथा विभाग के चेयरमैन, डीन फैकल्टी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चीफ वार्डन बॉयज हॉस्टल्स, प्रोक्टर, सिक्योरिटी हेड आदि पर कार्य किया। उन्होंने व्यवस्था में अमूल चूक परिवर्तन की मंशा रखते हुए सुधार के लिए कई नयी पहल की और अपने प्रयोगों में सफल रहे। चीफ वार्डन रहते हुए उन्होंने छात्रों का नशा छुड़ाने के सराहनीय प्रयास किए। अटेंडेंस सिस्टम में सुधार किया।



विश्वविद्यालय में होमगार्ड सिक्योरिटी लाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। उनके कार्य किसी केस स्टडी की सामग्री हो सकते हैं। प्रो अनिल खुराना ने बताया कि प्रो राजबीर के मार्गदर्शन में विभाग ने कई सरकारी कन्सल्टेंसी प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया व यूनिवर्सिटी को करोड़ों रुपये का आय स्त्रोत उपलब्ध कराया। डीक्रस्ट को महाविद्यालय से विश्वविद्यालय बनाने व हॉटलाइन पर अंकित कराने में प्रो राजबीर ने अहम भूमिका निभाई। वे हमेशा छात्र हित में निर्णय लेते थे। उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए डॉ वंदना ने कहा की विभाग को उनकी दूरदर्शिता से बहुत लाभ हुआ। इस अवसर पर डॉ आरती,प्रो अंजू , डॉ मनीषा, डॉ सतपाल,डॉ आनंद , श्री पवन सैनी, प्रो राजबीर की पत्नी प्रो ज्योति राज, उनके पुत्र अर्जुन सिंह, बड़े भाई रघबीर सिंह, जगवीर सिंह आदि मौजूद रहे। डीक्रस्ट के रजिस्ट्रार डॉ अजय गर्ग, रिटायर्ड प्रो बीपी सिंह, बीपी मलिक , प्रो भारद्वाज, प्रो राजकुमार, प्रो नौटियाल, प्रो रजनी शुक्ला, प्रो रेखा, डॉ सोनी, सोनीपत से डॉ कमलेश मलिक, पदमश्री डॉ सन्तराम देसवाल, डॉ राजकला देसवाल, डॉ सरोज मलिक, संतोष राठी, माँ कमला राठी सहित अनेक मित्रों व परिवार जन ने शिरकत की व उन्हें बधाई दी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रदीप शुक्ला पुत्रः बाउर शुक्ला, पताः** मकान नं. 1514, गली नं. 21, बी-ब्लॉक, 2 पुस्ता सोनिया विहार, दिल्ली, **FIR No. 141/2019, U/s 381/411/34 IPC** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 141/2019, U/s 381/411/34 IPC** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रदीप शुक्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वैभव सिंह, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
कोर्ट नं. 138, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2604/N/2025
(Court Matter)

# गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ में 15वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता इंस्टिट्यूट** ऑफ लॉ में 15वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश जे.के. महेश्वरी, न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, बार काउंसिल ऑफ इंडिया तथा पूर्व एडवोकेट जनरल, ओडिशा राज्य अशोक परिजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एस.पी. बंसल, गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की जनरल सेक्रेटरी गीता बंसल, गीता यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर



एवं गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस-चेयरमैन निशांत बंसल और अंकुश बंसल शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पानीपत, महेंद्र सिंह और अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) समालखा संजय मौजूद रहे। गीता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. विकास सिंह ने 15वें मूट कोर्ट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विशेष अतिथियों, गीता ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के नेतृत्वकताओं, स्टाफ मेम्बेर्स और छात्रों का इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। न्यायाधीश जे.के. महेश्वरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया को समझने का अवसर देती है, बल्कि उन्हें कानून के व्यावहारिक पक्ष से भी अवगत कराती है। उन्होंने गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विधि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। संस्थान की आधुनिक शिक्षण पद्धति और व्यावहारिक प्रशिक्षण विधि छात्रों को एक सशक्त आधार प्रदान करता है। उन्होंने संस्थान के शिक्षकों और प्रशासन को इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी। न्यायाधीश महेश्वरी ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है। यह प्रतियोगिता छात्रों में तर्कशक्ति, अनुसंधान कौशल और कानूनी लेखन की क्षमता विकसित करने में मदद करती है।" उन्होंने कहा कि एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए कानूनी सिद्धांतों के ज्ञान के साथ-साथ उनकी व्यावहारिक समझ भी आवश्यक है। मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं छात्रों को अदालती बहस, याचिका तैयार करने और न्यायिक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशिष्ट अतिथि अशोक परिजा ने कहा की मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि छात्रों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया को समझने में सहायता करते हैं।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावकों-शिक्षकों के बीच हुई विशेष वार्तालाप

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : ग्रीन फील्ड** पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में फाइनल एग्जाम से पहले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा के प्रति उनके तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक विशेष संवाद सत्र आधारित पी टी एम (अध्यापक-अभिभावक बैठक) आयोजित की गई इस बैठक में प्रिंसिपल डॉ॰ सुमिता ठाकुर, शिक्षक-गण और अभिभावक शामिल हुए। डॉ॰ सुमिता ठाकुर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता और शिक्षकों का सहयोगात्मक रवैया बेहद आवश्यक है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शेख जाहिर पुत्रः शेख नूर मोहम्मद, पताः** जे-1953, जहाँगीर पुरी, दिल्ली **FIR No. 592/2020, U/s 324 IPC,** थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेख जाहिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेख जाहिर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 592/2020, U/s 324 IPC,** थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शेख जाहिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एसीजेएम,कमरा नं. 117,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2445/NW/2025
(Court Matter)

## संपादकीय

# हिन्दी की स्वीकार्यता

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है। अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है। यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है? लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं। महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे। भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है। डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षों तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये।

# दिव्य, भव्य-महाकुंभ- 2025 वर्षों रहेगी स्मृति

**मृत्युंजय दीक्षित**

> “महाकुंभ 2025 में यूपी की योगी कैबिनेट के सभी 54 मंत्रियों ने एक साथ मां गंगा की पवित्र डुबकी लगाकर कीर्तिमान रचा और कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये। देश के आध्यात्मिक नेतृत्व के साथ साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उद्योगपति, खेल जगत के पुरोधा, अन्य देशों में बैठे सनातनी कोई भी महाकुंभ के आकर्षण को नकार नहीं सका। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा कराने के लिए रेलवे व परिवहन सेवाओं की व्यवस्था के लिए भी स्मरण किया जाएगा। महाकुंभ के लिए 16000 से अधिक ट्रेनें चलीं। जिसमें 4.38 करोड़ यात्रियों का आवागमन हुआ। 3.25 करोड़ यात्रियों का आवागमन रोडवेज बसों से हुआ। 5.59 लाख यात्रियों का आवागमन विमान से हुआ ”

**महाकुंभ** - 2025 संपन्न हो चुका है। यह एक ऐसा अद्भुत धार्मिक, सामाजिक, दार्शनिक, सांस्कृतिक आयोजन बना जिसने न केवल संपूर्ण वैश्विक जगत सनातन संस्कृति से परिचित हुआ अपितु उसकी दिव्यता से हैरान भी रह गया। महाकुंभ -2025 राष्ट्र व वैश्विक जगत को कई संदेश देकर विदा हुआ। इस महाआयोजन में न तो कोई गरीब था और नहीं अमीर, ऊंच -नीच, जाति- भेद, बिरादरी भेद ,पुरुष - महिला, युवक-युवतियों तथा छोटे -छोटे बच्चों के मन में केवल एक ही उत्सुकता रोमांच व संकल्प था कि किसी न किसी प्रकार मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर स्नान करना है। महाकुंभ -2025 में 66 करोड़ से अधिक सनातनियों ने बिना किसी भेदभाव के स्नान किया। विहंगम दृष्टि से अनुमान लगाया जा सकता है कि हर हिंदू सनातन के परिवार से कम से कम एक व्यक्ति ने तो संगम में पवित्र डुबकी लगाई ही है। दुबकी लगाने वाले वहां से पवित्र गंगाजल लेकर गये हैं और उन्होंने पवित्र कुम्भ जल उन आस्थावान लोगों तक पहुंचाया है जो किसी कारण से संगम स्थल तक पहुंच नहीं सके। यह महाकुंभ सनातन के वैभव और सनातनियों आस्था के लिए स्मरण किया किया जायेगा।यह महाकुंभ 66 करोड़ से अधिक स्नानार्थियों के आगमन के साथ साथ अन्य अनेक कीर्तिमानों के लिये स्मरण किया जाएगा। यह महाकुंभ उन समर्पित सनातनियों के लिए स्मरण किया जाएगा जिन्होंने दिन -रात बिना थके बिना रुके संगम की रेती पर आने वाले अनजान श्रद्धालुओं की निःस्वार्थ भाव से की। महाकुंभ-2025 के संपन्न होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी भावुक कर देने वाली पोस्ट में लिखा कि इस महाकुंभ में युग परिवर्तन की आहट दिख रही है। महाकुंभ- 2025 में सनातन धर्म को मतांतरण से बचाने के लिए विचार- विमर्श हुआ, काशी- मथुरा के लिए आंदोलन का संकल्प लिया गया, हिंदू बेटियों को लव जिहादियों के चंगुल से बचाने का संकल्प लिया गया तथा साथ ही भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाने के संकल्प के साथ गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने जैसे संकल्प पारित किये गये। महाकुंभ - 2025 में जलवायु परिवर्तन और उससे उपजे संकट पर भी व्यापक चर्चा की गई। सभी प्रमुख साधु संतों अखाड़ों व उनके



महामंडलेश्वरों ने एक ही संकल्प गुंजायमान किया कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वगुरु बनाना है।महाकुंभ ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सनातन का गौरव पूरे विश्व में छा गया। महाकुंभ ने सनातन की शक्ति का जो परिचय दिया उससे सनातन विरोधी वह ताकतें जो सनातन के उन्मूलन का सपना देखती हैं वह बुरी तरह से हिल गई हैं । महाकुंभ 2025 को विफल करने के लिए इन सनातन विरोधी शक्तियों की ओर से कई प्रकार के षड्यंत्र किये गए, अफवाहें फैलाई गयीं कि लोग वहां न जायें किंतु कोई भी षड्यंत्र सफल नहीं हुआ। महाकुंभ ने संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बाँध दिया। महाकुंभ -2025 में भारत का विश्वरूप दर्शन दिखा। महाकुंभ में आम सनातनी व सनातन को जानने का इच्छुक हर जिज्ञासु प्रचार से नहीं विचार से प्रयागराज पहुंचा। महाकुंभ -2025 स्वच्छता व श्रद्धा का संगम बना। महाकुंभ में स्वच्छता के लिए 1.5 लाख से अधिक शौचालय बनाए गये।15 हजार सफाई कर्मचारी तैनात रहे। 1,500 गंगा सेवादारों को जागरूकता के लिए कुंभ में नियुक्त किया गया। महाकुंभ में 7 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को त्वरित उपचार का लाभ मिला।चिकित्सा सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कनाडा, जर्मनी, रूस के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ एम्स दिल्ली और आईएमएस बीएचयू के चिकित्सा युद्धस्तर पर जुटे रहे।इस बार डिजिटल खोया -पाया विभाग ने 20, 000 से अधिक बिछड़े लोगों को मिलाया। महाकुंभ में नेत्र महाकुंभ भी लगाया गया जिसमें 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के नेत्रों की जांच की गई और 1.5 लाख से अधिक लोगों को चश्मे का वितरण किया गया। जिन मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन की महती आवश्यकता थी उन सभी का प्रयागराज और चित्रकूट में निःशुल्क ऑपरेशन करवाकर उन्हें घर भेजा गया। भारत में समृद्ध खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी खेलों के खेल महाकुंभ का आयोजन भी चर्चा का विषय रहा। महाकुंभ 2025 के लिए कई पल अविस्मरणीय हैं । महाकुंभ 2025 में यूपी की योगी कैबिनेट के सभी 54 मंत्रियों ने एक साथ मां गंगा की पवित्र डुबकी लगाकर कीर्तिमान रचा और कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये। देश के आध्यात्मिक नेतृत्व के साथ साथ प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उद्योगपति, खेल जगत के पुरोधा, अन्य देशों में बैठे सनातनी कोई भी महाकुंभ के आकर्षण को नकार नहीं सका । महाकुंभ में श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा कराने के लिए रेलवे व परिवहन सेवाओं की व्यवस्था के लिए भी स्मरण किया जाएगा। महाकुंभ के लिए 16000 से अधिक ट्रेनें चलीं। जिसमें 4.38 करोड़ यात्रियों का आवागमन हुआ। 3.25 करोड़ यात्रियों का आवागमन रोडवेज बसों से हुआ। 5.59 लाख यात्रियों का आवागमन विमान से हुआ। कुल मिलाकर 7.68 करोड़ यात्रियों का ट्रेन, विमान व बसों से आवागमन हुआ इसके अलावा अन्य यात्री पैदल,निजी व किराये के विभिन्न साधनों से प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ से लाखों लोगों को रोजगार मिला। महाकुंभ 2025 से बेरोजगार युवाओं को प्रेरित करने वाली बहुत सी कहानियां मीडिया के माध्यम से सामनें आयी जिसमें किसी ने दातुन बेचकर 45 दिन में लाखों रुपये कमा लिये तो किसी ने चाय की दुकान खोल ली। मां गंगा के घाटों पर नाविकों ने भी खूब धन कमाया और लखपति बन गये। महाकुंभ - 2025 से यूपी की आर्थिकी बहुत मजबूत हुई है जिसका असर आगामी समय में दिखाई पड़ेगा। महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के पांच मार्ग प्रशस्त किये जिसमें एक है प्रयागराज से मां विन्ध्यवासिनी धाम होते हुए काशी का सर्किट, जिस तरह प्रयागराज में अभूतभूर्व भीड़ रही उसी प्रकार मां विन्ध्यवासिनी धाम में भी प्रतिदिन पांच से सात लाख की भीड़ रही। काशी में भी एक दिन 10 से 15 लाख तक श्रद्धालु रहे और कई बार भीड़ के दबाव के कारण मां गंगा आरती को रोकना पड़ा। प्रयागराज महाकुंभ के कारण एक और सर्किट बना अयोध्याधम और गोरखपुर का। अयोध्याधाम में भी सात से 12 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचे।तीसरा सर्किट बना प्रयागराज से श्रृंगवेरपुर होते हुए लखनऊ और नैमिषारण्य का । प्रागराज से राजापुर और चित्रकूट का भी एक सर्किट बना तो पांचवा सर्किट बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होते हुए मथुरा ,वृंदावन और शुकतीर्थ का रहा जहां बड़ी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। महाकुंभ -2025 की सफलता से प्रसन्न मुख्यमंत्री का यह कहना कि सनातन की ध्वजा अब झुकेगी नहीं एकदम सटीक टिप्पणी है। महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन से पूरे विश्व में सनातन का मान बढ़ा है, भारत की प्रबंधकला , क्षमता और कुशलता के प्रति विश्वास बढ़ा है।

पूरे विश्व ने माना कि जो कोई नहीं कर पाया वह भारत के प्रयागराज ने कर दिखाया। इस अभूतपूर्व आयोजन की गूंज भारत के जन सामान्य को बरसों बरस सुनाई देती रहेगी । ये महाकुंभ भारत के सनातन की बहुत बड़ी उपलब्धि जिससे प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान भी बहुत बढ़ गया है।

## कविता

भोले लोगों को अक्सर फंसा
लेते हैं लोग,
जाने कैसे इस बात को पचा लेते हैं
लोग।

दिल मिलाने कभी चाहत नहीं होती
जिनकी,
हाथ लेकिन गर्म जोशी से मिला लेते हैं
लोग।

कोई देखे तो समझे बहुत मासूम है यें,
चालाकी से कुटिलता छुपा लेते हैं
लोग।

इन्हें नहीं होता वादों से पलटने का गम
राह में मिले तो आंखे चुरा लेते हैं लोग।

पाप और पुण्य से फर्क पड़ता नहीं इन्हें
चेहरे पे कई मुखौटे लगा लेते हैं लोग।

फकीर ने दुनिया को हुनर सिखा दिया
संजीव,
आंधियों में भी दीपक जला लेते हैं
लोग।

संजीव
---------

# अवैध विदेशियों के मामलों में भारत को अमेरिका से सीख लेनी चाहिए

**डा मनमोहन प्रकाश**

भारत, एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है। भौगोलिक संरचना की दृष्टि से इसका एक बहुत बड़ा भूभाग स्मार्ट फैंसिंग रहित है, विशाल खुला समुद्री क्षेत्र है तथा कुछ स्थानों पर नदी के खुले किनारे हैं। ये वो स्थान है जो अवैध रूप से भारत में घुसने वाले विदेशियों को अवसर प्रदान करते हैं। भारत की संस्कृति ही कुछ ऐसी है कि काम में रूचि रखने वाले गरीबों के लिए अर्थ उपार्जन के अवसर अन्य देशों की तुलना में यहां सहज रूप से मिल ही जाते हैं । क्योंकि भारतीय न सिर्फ सहिष्णु होते हैं अपितु उनमें गरीबों के प्रति सहायता, दया एवं करूणा कूट- कूट कर भरी हुई रहती है। भारत में शायद इसीलिए जगह-जगह पर आरामगाह/रात्रि विश्राम कक्ष,अन्नपूर्णा क्षेत्र,आश्रम खुले हुए हैं जहां बहुत कम टोकन राशि पर या निशुल्क भोजन और आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है वो भी जाति, धर्म, भाषा, लिंग के भेदभाव बिना। दान-पुण्य में विश्वास रखने वाले भारतीयों का एक वर्ग इन स्थानों के लिए खुले मन से सेवा और आर्थिक मदद करता है। किन्तु इसे भारत का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि सरकारों के चाहने के बाबजूद भी भारत से भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचारी कोई न कोई रास्ता भ्रष्टाचार के लिए इजात कर ही लेते हैं। इसी बुराई के कारण घुसपैठियों का अवैध रूप से न सिर्फ भारत मे घुसना आसान हो जाता है अपितु भारत में रहने के लिए आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, राशन कार्ड आदि) बनाना भी कोई मुश्किल काम नहीं होता है।कई विदेशियों को समय-समय पर इन नकली दस्तावेजों के साथ पकड़ा भी गया है।भारतीयों का इस तरह का व्यवहार ही दुनिया भर के घुसपैठियों को भारत में अवैध रूप से घुसने के लिए आकर्षित करता है। भारत में अवैध रूप से कितने विदेशी लोग रह रहे हैं, इसका सही- सही आंकड़ा कोई नहीं जानता। किन्तु अनुमान लगाया जा रहा है कि इनकी संख्या लाखों में है। ये अवैध रूप से रह रहे विदेशीयों को भारत में जब भी मौका मिलता है आतंक वादी गतिविधियों को अंजाम देते हैं,नारकोटिक्स ड्रग, तस्करी आदि गैर कानूनी धंधे में संलग्न रहते हैं, नकली करेंसी प्रिंट कर चलन में लाते हैं तथा खुफिया रुप से भारत की सैन्य गतिविधियों की जानकारी भारत के दुश्मनों तक पहुंचाते हैं। ऐसी भी शंका व्यक्त की जा रही है कि इन्होंने मतदाता तथा आधारकार्ड जैसे पहचान पत्र गलत तरीके से प्राप्त कर लिये है जिसकी मदद से चुनाव परिणाम को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वोटर कार्ड की शक्ति इन्हें राजनीतिक पार्टियों की शरण प्राप्त करने में मदद करती है। हाल ही में सिने स्टार सैफ अली खान के साथ घटी चाकू बाजी की घटना के बाद अब तो अपराधिक गतिविधियों में भी इनका हाथ प्रमाणिक रूप से सामने आने लगा है।

## विचार

# सपा सांसद ने पुरातत्व विभाग की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश के जिला संभल की विवादित जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की अनुमति हाईकोर्ट से नहीं मिलने पर समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा है कि मस्जिद में रंगाई-पुताई की बात कोई बड़ी चीज नहीं है. मस्जिद या किसी भी दूसरे धार्मिक स्थल पर एक रूटीन के अनुसार रंगाई पुताई होती है. हम कानून और कोर्ट को मानने वाले लोग हैं. हाईकोर्ट द्वारा जो कमेटी बनाई गई थी, अगर उसमें हाईकोर्ट ने अपना प्रतिनिधि भेजा होता तो रिपोर्ट इस तरह आने के बजाय सही आती. सभी लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि एएसआई किसके कहने पर करती है काम?गौरतलब हो कि संभल जामा-मस्जिद की रंगाई-पुताई को लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी. लेकिन हाईकोर्ट ने मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए रंगाई-पुताई की अनुमति नहीं दी. हालांकि कोर्ट ने साफ-सफाई की अनुमति जरूर दी है. खैर सांसद महोदय का गुस्सा अपनी जगह है,लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। अयोध्या में भी यही होता था। रामलला टाट में रहते थे और उनका फटा टाट बदलने तक से सुप्रीम कोर्ट तक से अनुमति की जरूरत पड़ जाती थी। टाट ही नहीं कपड़े,प्रसाद भोग लगाने तक के लिये कोर्ट कहचरी के चक्कर लगाना पड़ते थे।

बता दें यूपी सरकार द्वारा संभल की जामा मस्जिद को लेकर दिए गए हलफनामे में मस्जिद सरकारी जमीन पर बने होने का दावा किया है. बर्क ने सरकार के हलफनामे पर भी सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि ये बेवकूफी की बात है. हमारे धर्म में साफ कहा गया है कि जमीन को खरीद कर ही मस्जिद बनाई जा सकती है. सरकार के पास इसके कोई सबूत नहीं हैं. लेकिन इस तरह की बात कह कर लोगों को गुमराह करना ठीक नहीं है. जामा मस्जिद अपनी जगह पर बिल्कुल ठीक है.

ज्ञातव्य हो कि पिछले साल नवंबर में संभल की शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी. इस मामले में दर्जनों लोगों की गिरफ्तारी हुई थी. हालांकि, अभी भी कई लोग फरार हैं. पुलिस लंबे समय से उनकी तलाश में जुटी है. बीते दिनों पुलिस ने फरार उपद्रवियों की फोटो सार्वजनिक जगहों पर चस्पा करते हुए, लोगों से उनके बारे में जानकारी मांगी थी. अभी तक संभल हिंसा में शामिल 76 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है. अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऐसे उपद्रवियों की पहचान में जुटी हुई है जो कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा में शामिल थे. हिंसा की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम के द्वारा संभल शहर के कई इलाकों में उपद्रवियों के पोस्टर फोटो के साथ चस्पा किए गए हैं. सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए पोस्टर में साफ तौर पर लिखा गया है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा में यह व्यक्ति शामिल था जिसकी पहचान नहीं हो पाई है. इनका नाम और पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा. जिस किसी व्यक्ति को इसके बारे में जानकारी मिले तो वह संभल पुलिस के नंबरों पर सूचित करें.

दरअसल, संभल की जामा मस्जिद को लेकर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद चल है। हिन्दू पक्ष जामा मस्जिद के मंदिर होने का दावा कर रहा है। तत्पश्चात, जिले की सिविल कोर्ट के आदेश के बाद 19 नवंबर को संभल की इस मस्जिद का सर्वे भी किया गया है, जिसके बाद प्रदेश में सांप्रदायिक सियासत एक बार फिर गरमा गई है।

हिंदू पक्ष दावा कर रहा है कि जामा मस्जिद प्राचीन हरिहर मंदिर थी, जहां पर कलियुग में विष्णु के दशावतारों में से एक कल्कि का अवतार होने वाला है। वहीं, मुस्लिम पक्ष इस दावे को सिरे से खारिज कर रहा है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि मस्जिद में हिंदू मंदिर होने के कोई सबूत नहीं हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रमजान : क्या मस्जिदों पर भी फूल बरसायेंगे योगी

**राकेश अचल**

**देश के 22** करोड़ मुसलमानों का पवित्र त्यौहार 'रमजान ' रविवार से शुरू हो रहा है। । प्रयागराज में समाप्त हुए महाकुम्भ के बाद का ये एक बड़ा त्यौहार है। अब सवाल ये है कि क्या उत्तर पदेश की सरकार सूबे की मस्जिदों में सरकारी हैलीकाप्टर से नमाजियों पर पुष्पवृष्टि करेगी ? पढ़ने वाले कहेंगे कि -क्या मूर्खतापूर्ण सवाल किया है ? मस्जिदों पर भी कोई फूल बरसता है। वहां तो केवल पुलिस की लाठियां बरसाई जाती हैं। रमजान का महीना महाकुम्भ की तरह हालाँकि पाप धोने का मौका नहीं है लेकिन इस महीने में लोग पूरे एक महीने उपवास कर लोककल्याण के लिए दुआएं करते हैं। पवित्र कुरआन का परायण करते हैं ,तरावीह की नमाज पढ़ते हैं और अपनी औकात के हिसाब से जकात [ दान ] भी देते हैं। एतेकाफ करते हैं और माह के अंत में मिलजुलकर ईद मनाते हैं। यानि ये आत्मशोधन और लोककल्याण की उपासना का महीना है ,लेकिन दुर्भाग्य ये है कि किसी भी सरकार के पास इस त्यौहार को मनाने की न इच्छाशक्ति है और न खजाने में पैसा है ,न नमाजियों पर फूल बरसाने के लिए कोई हैलीकाप्टर।

आम धारणा है कि रमजान महीने की 23 वीं तारीख शबे कद्र है ,यानि इसी दिन कुरआन का अवतरण हुआ। इसलिए इस महीने में कुरान का पारायण किया जाता है ,जो अनपढ़ हैं वे कुरान सुनते हैं। रमजान के महीने में उपवास को अरबी में सौम और फारसी में रोजा कहा जाता है जाता है। लोग फज्र की नमाज पढ़ते हैं ,सेहरी करते हैं। सूर्यास्त के बाद रोजा खोला जाता है यानि इफ्तारी की जाती है। एक जमाना था जब प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति के यहां भी रोजेदारों के लिए इफ्तार की दावतें होतीं थीं, लेकिन अब सरकार रोजा इफ्तार को पाप और तुष्टिअकरण मानती है इसलिए इस रिवायत को समाप्त कर दिया गया है।

मौजूदा सरकार में तो एक भी मुसलमान मंत्री भी नहीं है जो बेचारे रोजदारों को इफ्तार की दावत दे दे। महाकुम्भ में जैसे सनातनियों के पाप धुल जाते हैं वैसे ही माहे रमजान में रोजदारों के गुनाह माफ हो जाते हैं।

# जिस नदी को रोना नहीं आता

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

सुबह-सुबह, हरिद्वार के घाटों पर फिर वही नाटक शुरू हो गया। गंगा के ऊपर धुंध छाई थी, जैसे वो अपनी सच्चाई छुपा रही हो—एक नदी जिसे पूजा जाता है, लेकिन बर्बाद किया जाता है। हवा में पुजारियों के जप, औषधीय स्नानों के छींटे, और इंसानियत की हलचल थी। पर इस पवित्रता की परत के नीचे, गंगा बहने की जद्दोजहद कर रही थी। प्लास्टिक, गंदगी, और खोई हुई आस्था के बोझ से दबी हुई, यह पवित्र नदी अनगिनत शोषणों के निशान सहन कर रही थी। नदी के किनारे एक पुजारी, केसरिया चोला पहने और चंदन की सुगंध में लिपटा, भक्तों को बुला रहा था। उसकी स्टील की थाली में सिक्के खनक रहे थे, हर सिक्का मोक्ष का एक टोकन। "आओ, अपने पाप धो डालो!" उसने ऐलान किया, उसकी आवाज श्रद्धा और प्रलोभन का मिक्सचर। गंगा माई सबको माफ कर देती है, लेकिन याद रखो—एक प्यारा दिल और एक उदार हाथ साथ-साथ चलते हैं। उसके शब्दों के साथ एक जानबूझकर की गई आंख मारी, जबकि एक व्यवसायी ने पुजारी की थाली में एक नया 500-रुपये का नोट डाल दिया, जैसे ये पवित्रता की खरीददारी हो। दूसरी ओर, अमर सिंह पानी के किनारे हिचकिचाते खड़े थे। कानपुर का ठेकेदार, अमर नैतिक समझौतों का कोई नया ग्राहक नहीं था। हालिया घोटाले ने उसे दुविधा में डाल दिया था—उसकी आत्मा भारी थी, लेकिन जेबें बेईमानी से भरी थीं। उसके वकील ने कोर्ट की लड़ाई का जिक्र किया था, जबकि उसकी माँ ने हरिद्वार की तीर्थ यात्रा का सुझाव दिया था। कोई और चारा न देखकर, उसने यात्रा को चुना, किसी चमत्कार की उम्मीद में। चमकते चमड़े की चप्पलें थामे, अमर ने पानी में कदम रखा। ठंड ने उसके पैरों में झनझनाहट भर दी, लेकिन नदी के दृश्य ने उसे और भी बेचैन कर दिया। सतह पर तेल की परत थी, जो गंदगी के गहरे रंगों के मुकाबले परिहास कर रही थी। एक मरा हुआ मछली तैरता हुआ गुजरा, उसकी निराश आँखें जैसे सीधे उसे ही घूर रही थीं। अमर ने कांपते हुए आगे बढ़ा, उसकी गलती ने उसे इस गंदे पानी में धकेल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर होगा आयोजित

पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उपायुक्त एंव जिला रैडक्रास सोसाईटी के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व डॉ मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा, राज्य शाखा, चण्डीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार 3 से 7 मार्च तक यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आर्य पी.जी. कालेज, पानीपत के प्रांगण में किया जायेगा। रेड क्रॉस सचिव गौरव राम करण ने जानकारी देते हुए बताया कि यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन समारोह में 3 मार्च को बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा0 किरण सिंह शिरकत करेंगी। शिविर में जिला पानीपत के विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों से लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगें। शिविर में रैडक्रास से जुड़े युवाओं-युवतियों को रैडक्रास की गतिविधियों बारे अवगत करवाते हुए समाज सेवा से जोड़ने हेतु जागरूक किया जायेगा। उन्होंनें कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और यदि युवा अपने अधिकारों के साथ-2 अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो जावें, तो सर्विगम युग की कामना की जा सकती है। युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान, अंगदान, प्राथमिक सहायता, गृह परिचर्या, नशे से दूर रहने, सक्रांमक रोगों की रोकथाम, आपद प्रबंधन, यातायात के नियमों की पालना करना, पौधारोपण तथा योग एंव आयुर्वेद का महत्व इत्यादि विभिन्न विषयों बारे अवगत करवाते हुए समाज से जोड़ने हेतु जागरूक किया जायेगा।

### नैनो टेक्नोलॉजी व नैनो प्लास्टिक के बढ़ते चलन व प्रभावों पर जीयू में हुआ सेमिनार का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में गीता यूनिवर्सिटी के साइंस विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में सेमिनार का आयोजन किया गया।

### 1600 से ज्यादा पिछड़े वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए एचडीएफसी बैंक ने नैसकॉम के साथ हाथ मिलाया



**नोएडा ।** नैसकॉम फाउंडेशन एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर 1600 से ज्यादा पिछड़े वर्ग के युवाओं को कौशल विकास कर रहा है जिसमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह कार्यक्रम आज के समय के प्रचलित विषय जैसे की बीएफएसआई, बीपीएम, और डाटा एनालिटिक्स में टेक्निकल प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही प्रतिभागियों को कम्युनिकेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग और टीमवर्क जैसी सॉफ्ट स्किल्स में भी प्रशिक्षण देगा। युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने और उन्हें बेहतर प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए यह प्रोग्राम उद्योगों द्वारा प्रमाणित है जिसमें रोजगार मेले और प्लेसमेंट भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि इस प्रोग्राम की मदद से प्रतिभागी अपने लिए सही रोल में आसानी से ढल सकें।यह कार्यक्रम दिल्ली एनसीआर, कोलकाता, लखनऊ और बेंगलुरु में ट्रेनिंग पार्टनर के माध्यम से चलाया जा रहा है, जिसमें अगली पीढ़ी के टेक प्रोफेशनल को विकसित किया जा सके।
अपनी इस 3 साल की कौशल विकास पहल के माध्यम से यह प्रोजेक्ट, कम से कम 70% प्रशिक्षित और प्रमाणित प्रतिभागियों को रोजगार उपलब्ध कराने का वादा करता है। प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के मिश्रण के साथ छात्रों को इस प्रोग्राम में मिलेगा असल वातावरण में काम करने का अनुभव, और मार्गदर्शन जिससे कि वह काम करने के लिए तैयार हो सकेंगे और अर्थव्यवस्था में अपना योगदान भी दे सकेंगे। युवाओं को भविष्य के लिए जरूरी कौशल प्रदान करके यह पहल लंबे समय तक उनके करियर को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उन्हें सशक्त करती है, जिससे भारत का तकनीकी क्षेत्र में समग्र विकास का लक्ष्य भी पूरा हो सके।

# मुलाना में ब्रहमाकुमारीज द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय** विश्वविद्यालय मुलाना सेवाकेंद्र में शिवरात्रि का कार्यक्रम सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी जी व वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुभद्रा दीदी जी के मार्गदर्शन बहुत धूमधाम से मनाया गया। शाहबाद सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी जी ने महाशिवरात्रि के गहन रहस्य के बारे में बताते हुए कहा कि कोई इसको शिव रात्रि और कोई शिव जयन्ती नाम से पुकारते हैं। बात तो एक ही है, अर्थात शिव का अवतरण या अद्भुत विधि से जन्म। हम जानते हैं कि भारत वर्ष में 33 करोड़ देवी- देवताओं की पूजा की जाती है। अर्थात अनेक देवताएं हैं।



ऐसे ही अनेक महान आत्माएं, संत आत्माएं, गुरु आत्माएं, धर्म पिताएं व पुण्य आत्माएं हुई हैं। परंतु जब परमात्मा की बात आती है तो प्रायः सभी धर्मो के लोग कहते हैं कि परमात्मा एक है और सभी का पिता है। भक्त हनुमान जी की पूजा करते हैं, हनुमान जी श्री राम जी की पूजा करते हैं और श्री राम जी रामेश्वर में शिव जी की पूजा करते हुए दिखाये गए हैं। ऐसे ही गोपेश्वर धाम में श्री कृष्ण जी को शिव जी की पूजा करते दिखाया गया है। पूजा उनकी ही की जाती है जो हमसे श्रेष्ठ होता है, बराबर के लोगों की पूजा नहीं की जाती। उनसे दोस्ती की जाती है। इससे स्पष्ट है कि शिव ही सर्व के परमपिता, परमात्मा, परमेश्वर व सर्वेश्वर हैं। शिव और शंकर में भी अंतर है। शिव जी हैं ज्योतिर्लिंगम, पिंडी वाले। शंकर जी हैं एक तपस्वी रूप में बैठे हुए। शंकर जी भी शिव जी की पूजा करते दिखाये गए हैं। इस से सब कुछ स्पष्ट हो जाता है कि शिव ही सर्व देव आत्माओं, महान आत्माओं, गुरुआत्माओं, संत आत्माओं के परमपिता हैं। ब्रह्मा जी, विष्णु जी व शंकर जी के भी पिता है। शिवध्वजारोहण किया गया। माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार नितिन भाई जी ने अपने गीतों के द्वारा सबको मंत्रमुग्ध किया।
इस अवसर पर करण राणा, राकेश मेहता, बीके शैली दीदी व शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन उम्मीदवार माफी देवी ढांडा भारी मतों से विजयी होगी: रजनी शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**भारतीय जनता** पार्टी के केंद्र व प्रदेश की सरकार की एक तरफ लहर नगर पालिका थानेसर में चल रही है 2 पार्षद निर्विरोध चुने गए और 30 के 30 पार्षद और 33 में चेयरपर्सन उम्मीदवार माफी देवी ढांडा भारी मतों से विजय होगी चेयरपर्सन रजनी शर्मा आचार्य पंचायत समिति थानेसर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा थानेसर का मतदाता शिक्षित इमानदार और कर्मठ मतदाता है भारतीय जनता पार्टी के काम को भारतीय जनता पार्टी केंद्र व प्रदेश की सरकार को मतदान करेगा क्योंकि नगर पालिका में अनुसूचित जाति की बेटी को पहली बार भारतीय जनता पार्टी में चेयरपर्सन का मौका मिला है और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।
रजनी शर्मा ने चेयरपर्सन उम्मीदवार माफी देवी ढाण्डा सहित भाजपा के सभी पार्षदों के लिए सभी वार्डों में जोरदार अभियान चलाकर वोट मांगे और मतदाताओं से भाजपा के चेयरपर्सन प्रत्याशी एवं सभी पार्षद उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

## "ऑक्सीजन बाग" बनाने का किया शुभारंभ

**पानीपत/कमाल हुसैन देशबंधु गुप्ता** राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत अनूठी पहल का आरम्भ किया। प्रोफेसर इतिहास कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के प्रांगण में मेरी पत्नी मनजीत कौर के जन्मदिन के अवसर पर आड़ू के पांच फलदार पौधे रोपित करके ऑक्सीजन बाग बनाने का शुभारंभ किया। लगभग सवा एक-ड़ जमीन पर विभिन्न प्रकार के लगभग 200 फलदार पौधे रोपित करके महाविद्यालय को "ऑक्सीजन बाग" महाविद्यालय का एक भी पैसा खर्च किए बिना समर्पित किया जाएगा।

## युवा महोत्सव के लिए केयू प्रतिभागियों का दल रवाना

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : भारतीय** विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 38वें अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में होगा। इसमें भाग लेने के लिए शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतिभागियों का दल रवाना हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने इस दल के सभी सदस्यों, प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। यह जानकारी देते हुए युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि 3 मार्च से 7 मार्च 2025 के बीच आयोजित एमिटी यूनिवर्सिटी,



नोएडा में आयोजित होने वाले 38वें अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भारत के 8 जोन की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का मंचन होगा जिसमें देशभर के 130 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि केयू का दल 10 प्रतियोगिताओं में भाग लेगा जिसमें नाटक विधा, नृत्य, संगीत, साहित्य एवं ललित कला शामिल है। उन्होंने बताया कि 8 से 12 फरवरी 2025 को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं में केयू प्रतिभागियों ने दस विधाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल कर केयू को गौरवान्वित किया था।

## निकाय चुनाव को लेकर पुलिस ने संभाला मोर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला** कुरुक्षेत्र में निकाय चुनाव-25 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। जिला पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों को पोलिंग बुथों पर व पैट्रोलिंग व चैकिंग ड्युटियों पर तैनात कर दिया गया है। जिला पुलिस शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए अलर्ट मोड़ पर है और चुनाव.के दौरान कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस पूर्ण रुप से सक्षम है। शनिवार को चुनाव डयूटी पर लगे सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव सम्बन्धी निर्देश देकर ड्यूटी स्थान के लिए रवाना कर दिया गया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी/कर्मचारी चुनाव डयूटी पर लगे रिटर्निंग ऑफिसर व सुपरवाईजर आफिसर के संपर्क में रहें।

## पर्स चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, 3170 रूपए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**सीआईए टू पुलिस टीम** ने रैली में आए युवक का पर्स चोरी करने वाले दो शातिर चोर को शुक्रवार शाम को एनएफएल नाका के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान राहुल व विक्रम निवासी संडील जीन्द के रूप में हुई।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की एनएफएल नाका के पास खड़ी एक सेंटरो कार में दो संदिग्ध किस्म युवक बैठे है।



जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर सेंटरो कार में बैठे दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान राहुल पुत्र रमेश व विक्रम पुत्र दर्शन सिंह निवासी संडील जीन्द के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने मिलकर 25 फरवरी को रैली में लाल बत्ती चौक के पास एक युवक की जेब से पर्स चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पर्स में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ऑफिस के बिल व 9700 रूपए कैश था। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में राहुल पुत्र पंचम निवासी जाटल रोड की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों 25 फरवरी को पानीपत रैली में चोरी करने के लिए गांव से उक्त सेंटरो कार में सवार होकर आए थे। दोनों आरोपियों ने चोरी किए पर्स में मिले पैसे निकालकर दस्तावेज समेत पर्स को रास्ते में फैक दिया। आरोपियों ने पर्स में मिली नगदी आपस में बाटकर आधे से नगदी खाने पीने में खर्च कर दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बची 3170 रूपए की नगदी व वारदात में प्रयुक्त सेंटरो कार बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

## रीडिंग प्रतियोगिता में रा. मा. विद्यालय दुनिया माजरा के छात्रों ने परचम लहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : रीडिंग प्रमोशन** प्रतियोगिताओं में राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। पेहवा में खंड स्तर पर आयोजित रीडिंग प्रमोशन प्रतियोगिताओं में राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किये। जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्य अध्यापक जसबीर सिंह सैनी ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं व अच्छा प्रदर्शन करते



हैं।उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के तीन विधाओं में खंड स्तर के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया जिसमें दुनिया माजरा के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि वर्तनी प्रतियोगिता में कक्षा छठी की जोया खान प्रथम, कहानी लेखन में भी जोया खान ने द्वितीय तथा कक्षा सातवीं से वर्तनी में दिशा ने प्रथम, स्पेल बी व कहानी लेखन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## प्रदेश में निकाय चुनावों में भाजपा की लहर चल रही: बनवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत: पानीपत नगर निगम के चुनाव आगामी 9 मार्च को होगे। इन चुनाव के लिए यूं तो शहर के सभी 26 वार्डो में प्रचार का कार्य तेजी पकड़ रहा है लेकिन जिस प्रकार पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता वार्ड 26 में घर घर जा कर प्रचार कर रहे है यह नजारा देखते ही बनता है इसी कड़ी में शनिवार को वार्ड 26 के राम स्वरूप चौक के आर्य बैंकेट हॉल में भी पानीपत नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ बनवारी लाल, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी, पूर्व मेयर अवनीत कौर, वार्ड 26 प्रत्याशी कुसुम भट्ट के अलावा शहर के सभी



मंडल अध्यक्षों ने भी एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इससे पूर्व इन सभी नेताओं ने रीबन काटकर इस वार्ड 26 के नए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। जिला चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि इस समय पूरे प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की लहर चल रही है जीत सुनिश्चित है। फिर भी इस जीत को ऐतिहासिक जीत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को युद्ध स्तर पर इन चुनावों की तैयारियों में जुट जाना चाहिए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने यू तो रिकॉर्ड तौर विकास कार्य करवाए है फिर भी शहरों के संतुलित विकास के लिए इन चुनाव में भाजपा को जीत दिलवाना समय की सबसे भी मांग है भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शहरों के संतुलित विकास को ही अपनी मुख्य प्राथमिकता बनाया है उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता गली गली ओर घर घर जाकर पूरी शालीनता के साथ मतदाताओं को भाजपा की नीतियों से अवगत कराना होगा। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने जहां सभी प्रदेशों में संतुलित शहरी एवं ग्रामीण विकास किया है। वहीं कूटनीति के क्षेत्र में भी भारत को विश्व पटल पर स्थापित कर दिया है। जो विदेशी शक्तियां भारत को गरीब देश मान कर पूरा सम्मान नहीं देती थी। आज उन सभी शक्तियों की आंखों में आंखे डालकर भारत बात करता है। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुभव और केंद्र सरकार की सूक्ष्म आर्थिक नीतियां जिनके कारण भारत विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया।

**दावा**
**केंद्र सरकार की सूक्ष्म आर्थिक नीतियां जिनके कारण भारत विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बन गया**

## मतगणना केन्द्रों से पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधी सामग्री दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: जिले में निकाय** चुनाव के अंतर्गत एवं मतदान के तहत सम्बन्धित मतगणना केन्द्रों से पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधी सामग्री दी गई। जिसके बाद वे अपनी डयूटी के तहत निर्धारित बूथों के लिए रवाना हुए। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सैक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में बने मतगणना केन्द्र व स्ट्रॉग रूम का जायजा लेते हुए, रिटर्निंग अधिकारी से यहां पर की गई व्यवस्थाओं के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से जो प्रबंध किए गए हैं उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए



चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में निकाय चुनाव के तहत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, 02 मार्च को को प्रातः 8 बजे मतदान शुरू हो जायेगा जोकि सांय 6.00 बजे तक होगा। इससे पहले राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार 02 मार्च को प्रातः मॉक पोल की प्रक्रिया भी की जायेगी। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया मेयर पद के उप चुनाव के लिए मतदान के तहत सम्बन्धित पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के साथ-साथ चुनाव संबंधी अन्य सभी सामग्री दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि पोलिंग पार्टियों व उनके साथ जुड़े अधिकारियों को तमाम चुनाव प्रक्रिया के बारे में आज एक बार फिर ट्रेनिंग देते हुए विस्तार से जानकारी दी गई है ताकि वे मतदान के कार्य को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ करवा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों के लिए, जलपान, रहने की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता प्रबंध किये गये हैं।
सैक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में काउंटरों की बेहतर व्यवस्था के साथ प्रत्येक काउंटर पर निर्धारित बूथों के तहत पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीन व चुनाव सामग्री दी गई है। इस दौरान उनके साथ चुनाव डयूटी पर लगे पुलिस कर्मचारी भी साथ रहे जोकि उनके साथ बूथों पर जायेंगे। मतदान के बाद पोलिंग पार्टियों को जो ईवीएम मशीनें व चुनाव संबंधी सामग्री मेयर के उप चुनाव के लिए दी गई थी वे उन्हें इसी काउंटर पर आकर जमा करवानी होंगी। रिटर्निंग अधिकारी ने इस मौके पर यह भी कहा कि 02 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना होगी। इस मौके पर नगर निगम कमीशनर सचिन गुप्ता, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, एआरओ एवं तहसीलदार अम्बाला शहर आदित्य रंगा के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीसी ने पोलिंग पार्टियों की बूथ वाइज रेण्डमाईजेशन की

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: निकाय चुनाव** के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से पोलिंग पार्टियों की बूथ वाईज रैण्डमाईजेशन की प्रक्रिया का कार्य किया गया। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक वीना हुड्डा, सामान्य पर्यवेक्षक सरिता मलिक, पुलिस पर्यवेक्षक एवं आईजी मनीष चौधरी, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम छावनी विनेश कुमार व



सम्बन्धित मौजूद रहे। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी भी करवाई गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार जिले में निकाय चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से करवाना हमारा दायित्व है। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए आज पोलिंग पार्टियों की वाईज रैण्डमाईजेशन का कार्य किया।

## न्यूज फ्लैश

### मोबाइल टावर से बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माजरा स्थित मोबाइल टॉवर से 24 बैटरी के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पानीपत निवासी संदीप ने बताया कि वह टावर कंपनी में सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत है। कंपनी की तरफ से सलारपुर माजरा में टावर लगा हुआ है। बिजली कट लगने पर टावर का नेटवर्क डाउन होने पर तकनीशियन ने जांच की तो केबिन का ताला टूटा मिला। जांच की तो 24 बैटरी गायब मिली। सूचना मिलने के बाद वो भी मौके पर पहुंचे। चोरों ने रात को वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### घर से इनवर्टर बैटरी व रुपये चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में स्थित घर से इनवर्टर बैटरी व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फाजिलपुर निवासी शीला ने बताया कि वह गत दो फरवरी को नेपाल गई थी। इसके बाद अब वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो घर में रखी इन्वर्टर बैटरी गायब मिली। वहीं, गुल्लक भी टूटा हुआ था। चोर उसे रखे रुपये भी गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़िता की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है। चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर दिया जायेगा।

### गाड़ी व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुनाल निवासी मुजफ्फरनगर यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव पलड़ा हाल में पाना पपोसिया नरेला निवासी विष्णु ने गत 22 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका एसके रेड लाइट लॉजिस्टिक का कार्यालय सबौली गांव में खोल रखा है। उसके पास गाड़ी है। गाड़ी पर कुणाल निवासी उत्तर प्रदेश हेल्पर का काम करता है। गत 22 फरवरी को वह करीब साढ़े तीन बजे कार्यालय से पचास हजार रुपये की राशि निकालकर कुनाल चोरी की नीयत से रवि निवासी पलड़ा व अपने दोस्त रुस्तम व अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलीभगत करके उत्तर प्रदेश ले गया। रास्ते में जीपीएस यंत्र को उखाड़ कर फेंक दिया। जब फोन पर संपर्क किया तो गाड़ी छोड़ने की एवज में 70 हजार रुपये की डिमांड करने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एचसी सुरेंद्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की गाड़ी को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन कर 16 मांगों का ज्ञापन सौंपा

### 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के पीए को सौंपा

**मांग**

**नेता आनंद शर्मा के नेतृत्व में सफाईकर्मियों के जिला संयोजक व सीटू सचिव राजेश टोकी ने की**




**सोनीपत/रिंकू**

ग्रामीण सफाई कमीर्यों ने सोनीपत अग्रसेन चौक ,पानी की टंकी पर इकट्ठे होकर धरना लगाया। धरने की अध्यक्षता सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के नेतृत्व में सफाईकर्मियों के जिला संयोजक व सीटू सचिव राजेश टोकी ने की तथा मंच संचालन सहसंयोजक प्रधान राजेश रसोई ने किया। प्रैसब्यान , जारी करते हुवे यूनियन नेताओं ने बताया कि हरियाणा में 18 वर्ष से लगे 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मी पक्के रोजगार व जब तक पक्का नहीं होते तब तक सभी को एक समान ?26000 वेतन देने की मांग को लेकर लम्बे समय से धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं। यूनियन नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की खुद को दलितों की हितेषी बताने वाली भाजपा सरकार वायदा खिलाफी करके इन गरीब ग्रामीण सफाई कर्मियों का शोषण कर रही है। यूनियन नेताओं ने बताया, करनाल में अगस्त 2024 के राज्य स्तरीय प्रदर्शन से प्रभावित होकर, जींद जिले में नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 16000 से बढाकर 26000रु तथा शहरी सफाई कर्मियों के 17000 से 27000रु वेतन देने की घोषणा की थी। इस कमरतोड़ महंगाई में ग्रामीण सफाई कर्मियों ने राहत की सांस लेते हुए यह आस लगाई कि जनवरी माह से गुजारे लायक 26000रु वेतन तथा पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई 1000 रु बढ़ोतरी का 6 माह का एरियल का लाभ से जीवन कुछ आसान हो जाएगा लेकिन जनवरी माह में सिर्फ 1000 रु की बढ़ोतरी कर 15000 से16000रु करके सरकार ने सफाई कर्मियों के साथ विश्वास घात किया है। सरकार द्वारा सहमति बनी मांगे लागू न होने पर ग्रामीण सफाई कर्मियों में गहरी चिंता तथा रोष दिखाई दे रहा है। इस बढ़ती महंगाई के चलते 16000 रु वेतन पर बच्चों की पढ़ाई लिखाई घर के खर्चे, मकान मरम्मत तथा बच्चों के ब्याह शादी आदि के लिए बैंकों से लोन भी नहीं मिलता। ऐसे हालातों से मजबूर अनपढ़ सफाई कर्मी अपनी इज्जत व आत्मसम्मान बचाने के चक्कर में आस पड़ोस के साहूकारों से 5 रु सैकड़ा कर्ज लेकर अपने परिवार सहित भुखमरी और बेगारी की दलदल में धंसते जा रहे हैं। इस बढ़ती महंगाई में सफाई कर्मियों को शोषण की मार से बचने के लिए, सभी को एक समान गुजारे लायक 26000 रुपए वेतन तथा 18 वर्ष से सफाई सेवा दे रहे सभी सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाना चाहिए। यूनियन नेताओं ने बताया कि सहमति बनी मांगों को लागू करवाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 1 से 3 मार्च को वायदा पूरा करो प्रदर्शन तथा भाजपा विधायक व मंत्रियों को मांगो का ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि फिर भी सफाई कर्मियों की मांगों समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 8 मार्च को सिरसा जिले में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा का, दो दिवसीय सम्मेलन करते हुए बड़े आंदोलन के रणनीति बनाई जाएगी।

## अवैध रूप से गर्भपात किट की बिक्री करने का आरोपित काबू

**रिमांड पर लिया**

**पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट वेस्ट सोनीपत सीआईए-1 टीम ने अवैध रूप से गर्भपात किट की ऑनलाइन बिक्री करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रितेश उर्फ गोलू निवासी भागलपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग में तैनात डॉ. सुमित कौशिक (जिला नोडल अधिकारी, पीसी एंड पीएनडीटी एमटीपी, सोनीपत) ने गत 21 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उन्हें जानकारी मिली थी कि ऑनलाइन तरीके से एमटीपी किट बेचने का कार्य चल रहा है। मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डा संदीप लठवाल (उप चिकित्सा अधीक्षक, डीसीएच सोनीपत) और संदीप हुड्डा (डीसीओ-आई, सोनीपत) की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। वहीं ऑनलाइन साइट मां तारा मार्केट बिना किसी पर्ची के मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी किट की ऑनलाइन बिक्री में लिप्त पाई गई। एमटीपी किट के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया गया था। एकार्ट डिलीवरी कंपनी के एक आकस्मिक डिलीवरी बॉय द्वारा आर्डर प्राप्त हुआ। जिसमें प्रतिबंधित दवाओं की अवैध किट थी। बिना किसी अधिकृत चिकित्सीय पर्ची के एमटीपी किट की इस अवैध बिक्री में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस की तरफ से टीमों को गठन किया गया था।

टीम में शामिल एसआई संजीव, एचसी मंदीप, एचसी उमेश व संदीप ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## मारपीट कर रुपये व मोबाइल फोन लूटने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने मारपीट कर रुपये व मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनीत उर्फ सूरज निवासी गौतम नगर यूपी व अजीत उर्फ अज्जू निवासी फतेहगढ यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। द्वारका दिल्ली निवासी भुप ने बताया कि वह एसकेएस कंपनी में रसोई सोनीपत में कार्यरत है। वह अपने घर जाने के लिए केएमपी फ्लाई ओवर वाले रास्ते से करीब छह बजे जा रहा था। उसके पीछे से आकर पांच से छह लड़कों ने रोक लिया। उसे साइड वाली खाली जगह में गिरा दिया। उसकी जेब से करीब एक हजार रुपये की नकदी को निकाल लिया। वहीं मोबाइल का पासवर्ड लेकर खाते से हजारों रुपये की राशि को ट्रासंपर करवा लिया। उसके बाद उसे हाथ पैर बांधकर साइड में धक्का दे दिया। किसी तरह उसने अपने कार्य स्थल पर पहुंचकर खाते की जानकारी ली।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर निकाय चुनावों में आज होगा मतदान: नेहा सिंह

**तैयारी पूरी**

**नगर परिषदों में प्रधान तथा वार्ड सदस्यों एवं नगर पालिकाओं में प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए चुनाव है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन और 30 वार्ड पार्षदों तथा इस्माइलाबाद में प्रधान पद के उप चुनाव के लिए 2 मार्च रविवार को सुबह 8 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इन चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है और नप थानेसर में 40 संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। किसी भी व्यक्ति को आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं करने दी जाएगी। इन चुनावों को लेकर प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शनिवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सभागार में पोलिंग स्टॉफ के अधिकारियों और कर्मचारियों को रिटर्निंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच की देखरेख में प्रशिक्षण दिया गया और इस प्रशिक्षण के बाद सभी पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनें व तमाम जरूरी दस्तावेज वितरित किए गए। यह सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथों की तरफ रवाना हो गई है। उन्होंने कहा कि 02 मार्च रविवार को शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को पूर्ण करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं ताकि चुनाव शांतिपूर्वक, पारदर्शी, निर्विघ्न रूप से तथा निष्पक्ष करवाये जा सके। जिन नगर परिषदों में प्रधान तथा वार्ड सदस्यों एवं नगर पालिकाओं में प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए चुनाव है, वंहा पर दो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मतदान करवाया जाएगा। जिनमें से एक प्रधान पद के लिए तथा दूसरी वार्ड सदस्य के चुनाव के लिए होंगे और जिन स्थानों पर केवल उपचुनाव है वंहा पर केवल एक इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से ही मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नप थानेसर में वार्ड 7 व 32 में सर्व सम्मति से पार्षद बने है अब 30 वार्डों में पार्षद पद का चुनाव होना है, इन वार्डों में 91 प्रत्याशी खड़े है।

## कार्यक्षमता निर्माण कार्यक्रम एनईपी एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**दक्षता**

**विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने दोनों अतिथियों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल में सी बी एस ई कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (एनईपी 2020) एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमे 60 अध्यापक तथा अध्यापिकाओं ने भाग लिया जिसके रिसोर्स पर्सन्स श्रीमती ईशा आनंद व डॉ सुरेश अग्रवाल जी रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने दोनों अतिथियों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात सेमिनार का सत्र आरम्भ किया। प्रथम सत्र ईशा आनंद द्वारा कराया गया जिसमें उन्होंने नैशनल एजुकेशन पॉलिसी क्या है इसके अंतर्गत 5+3+3+4 नीति को बताया गया। इन वर्षों के अंतर्गत बच्चे को विद्यालय मे प्रवेश करने पर भिन्न-भिन्न चरणों के अंतर्गत इसकी शिक्षा को सरल बनाने के सभी तरीके, साधन, दक्षताएं बताई गई तथा एन सी एफ (नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क) के बारे मे बताया। सेमिनार के दूसरे सत्र मे सी बी एस ई इनिसिएटिव इन द लाइट ऑफ एनईपी 2020 के अंतर्गत डॉ सुरेश जी ने बताया कि छात्रों को हमने लर्निंग से हटाकर कन्सेप्ट को समझा कर उन्हें कराना है। सी बी एस ई द्वारा बनाएं गए नियमों के आधार पर ही अध्यापको को बच्चो को कक्षा मे पढ़ाना है। विभिन्न मनोरंजक तथा रचनात्मक क्रिया-कलापों के माध्यम से समझाया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**दोषी करार**

**दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को कमरे में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट ट्रैक कोर्ट ) अदालत ने दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने 18 दिसंबर, 2023 को सेक्टर-27 शहर थाना में शिकायत देकर बताया था कि उनके पुराने किराए के मकान में मुकुल नाम का युवक भी रहता था। करीब दो महीने पहले उसने बहला-फुसला कर उसकी 13 वर्षीय बेटी से मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद मोबाइल पर बात करने लगा। इसके बाद करीब दस दिन पहले मुकुल ने रात करीब 12 बजे अपने कमरे पर बुला लिया। मुकुल ने डरा-धमका कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद बेटी गुमसुम रहने लगी तो उसने पूछा तो बेटी ने खुद के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी दी। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने नाबालिग लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## घर के बाहर खड़ी गाड़ी की बैटरी व अंदर से सामान चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव सेरसा में घर के बाहर खड़ी गाड़ी से बैटरी व उसके अंदर से मोबाइल फोन चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेरसा निवासी रवि खत्री ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है। उसके पास कैंटर पर गांव जाटी कलां का रहने वाला विनोद चालक के तौर पर तैनात है। विनोद रात को गाड़ी को अपने गांव ले गया। उसने गांव को बाहर सड़क पर खड़ा कर दिया।

## जिला बार एसोसिएशन की चौधर अधिवक्ता अनिल ढुल को मिली

**जश्न**

**मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समर्थकों ने जश्न मनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** बार एसोसिएशन के चुनाव में अनिल ढुल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा को लगातार दूसरी बार हराकर चौधर अपने नाम कर कर ली है। पिछली बार के चुनाव में भी दोनों में करीबी मुकाबला देखने को मिला था। इसके साथ ही उप प्रधान पद पर सोनू भारद्वाज, सचिव पद पर संदीप खर्ब व खजांची के पद पर प्रवीन कुमार ने बाजी मारी है। संयुक्त सचिव के पद पर एकमात्र प्रत्याशी होने के कारण कृतिका का चयन पहले से ही तय था। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने सभी पदों पर विजेताओं की घोषणा की। वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने बताया चुनाव में कुल 1295 मतदाताओं में से 1171 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि दो मतों को अमान्य घोषित किया गया। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने जश्न मनाया। चुनाव अधिकारी ने निष्पक्ष और सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया।

**नजदीकी रहा मुकाबला, ढुल ने मारी बाजी-** प्रधान पद के लिए अनिल ढुल और कमल हुड्डा के बीच आमने-सामने का मुकाबला हुआ। अनिल ढुल ने 644 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी कमल हुड्डा 527 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

**उप प्रधान बने सोनू भारद्वाज:** उप प्रधान पद के लिए अमित कुमार मलिक, कुलदीप दहिया और सोनू भारद्वाज के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। जिसमें सोनू भारद्वाज ने 478 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि कुलदीप दहिया को 420 और अमित कुमार मलिक को 271 वोट मिले।

**सचिव पद पर संदीप खर्ब रहे विजेता:** सचिव पद के लिए अंकित त्यागी, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा और संदीप खर्ब के बीच मुकाबला हुआ। इस चुनाव में संदीप खर्ब 399 मत प्राप्त हुए। उनके प्रतिद्वंद्वियों में रजनीश मलिक को 314, अंकित त्यागी को 311 और रविंद्र कुमार शर्मा को 143 मत प्राप्त हुए।

**संयुक्त सचिव पद पर कृतिका निर्विरोध चुनी गईं:** संयुक्त सचिव पद के लिए कृतिका को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

**कोषाध्यक्ष बने प्रवीन कुमार:** कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप और प्रवीन कुमार ढिल्लो के बीच मुकाबला हुआ।

## एमडीडी आफ इंडिया ने चलाया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**जागरूक**

**माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं और अध्यापकों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया**




**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**बाल** विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को समाज सेवी संस्था एमडीड़ी ऑफ इंडिया द्वारा खंड के गांव महावटी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं और अध्यापकों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया।

सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका ने छात्र छात्राओं व स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध और दंडनीय अपराध है। इस कानून के अंतर्गत हर उस व्यक्ति को सजा का प्रावधान है जो भी ऐसे बाल विवाह में किसी भी रूप में शामिल होता है, जैसे माता-पिता,अभिभावक,रिश्तेदार या कोई अन्य जो बाल विवाह में संलिप्त होगा,उन्हें दो साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। पुरोहित, मौलवी,पंडित,काजी या कोई अन्य व्यक्ति जो विवाह संपन्न कराता है, वह भी दंडनीय अपराध के दायरे में आता है। जो कोई भी बाल विवाह को बढ़ावा देता है, सहायता करता है या इसमें भाग लेता है, उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसकी वजह से बड़ी संख्या में लड़कियों की पढ़ाई छुड़वा दी जाती है और उन्हें कम आयु में ही घर के चूल्हे चौके और बच्चों के पालन पोषण में झोंक दिया जाता है जो बालिकाओं के खिलाफ एक अपराध है। यह उनके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास में बड़ी रुकावट है। ऊझा गांव में प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आशा कार्यकताओं के साथ बाल विवाह अधिनियम पर चर्चा करते हुए सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और इस प्रकार के मामलों की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। 1098 (चाइल्डलाइन हेल्पलाइन) पर कॉल करें। स्थानीय पुलिस थाने , जिला बाल संरक्षण अधिकारी व बाल कल्याण समिति को सूचित करें। स्वास्थ्य विभाग से हेल्थ निरीक्षक डॉ नितेश ने आशा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह के कारण हर साल बड़ी संख्या में गर्भवती औरतों और गर्भ में ही बच्चों की मौत हो जाती है जो स्वास्थ्य विभाग के सामने बड़ी चुनौती है।

## नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में कार्यकारी प्रधान चिकित्सक का औचक निरीक्षण

**जांच की**

**डा. मंजीत राठी ने प्रशासनिक व वीआईपी दौरों सहित मरीजों के लिए तैनात एंबुलेंस में रखे उपकरणों की जांच की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण को दौरान वार्ड, मुख्य कक्ष व चिकित्सक रूम में व्यवस्थाओं की जांच की। कक्ष से मिल रही शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन प्रधान चिकित्सक की तरफ से स्टाफ कर्मचारियों को दिया। वहीं कक्ष में मरीजों की सुविधा को लेकर स्टाफ कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिन्नी लांबा ने औचक निरीक्षण किया। जानकारी मिली कि उन्हें कक्ष व वार्ड से कुछ शिकायत मिल रही थी। जिसमें स्टाफ कर्मचारियों व वार्ड में भर्ती मरीजों से संबंधित थी। कई दिनों ने वार्ड के अंदर के शौचालय की सीवर पाइप ब्लॉक होने के चलते स्टाफ कर्मचारियों व मरीजों सहित उन्हें परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। उन्होंने वार्ड के अंदर के शौचालय को जल्द से जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया। डा. गिन्नी लांबा ने बताया कि कर्मचारी व मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाने का कार्य प्रबंधन की तरफ से किया जा रहा है। मुख्य कक्ष में छत से पानी टपकने व वार्ड में शौचालय की समस्या को जल्द से जल्द दूर करवा दिया जायेगा। कार्य को शुरू कर दिया है। वहीं नागरिक अस्पताल में आरएमओ के तौर पर डा. मंजीत राठी को तैनात किया गया है। डा. मंजीत राठी ने प्रशासनिक व वीआईपी दौरों सहित मरीजों के लिए तैनात एंबुलेंस में रखे उपकरणों की जांच की।

# नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 की बनी चैम्पियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के न्यू जिम्नेजियम** हॉल में 24 फरवरी से 1 मार्च के बीच आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 में केयू महिला बास्केटबॉल ने इतिहास रचते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू महिला बास्केटबाल टीम के सभी खिलाड़ियों, कोच एवं खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा को इसके लिए बधाई दी।



इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल के बतौर मुख्यातिथि न्यू जिम्नेजियम हॉल में पहुंचने पर केयू खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने विजेता केयू महिला बास्केटबॉल टीम की सभी महिला खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर विश्वविद्यालय, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित होने तथा हर क्षेत्र में आगे बढ़ने से ही देश तरक्की कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध, विज्ञान तथा खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्रों में हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि केयू महिला खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में केयू को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 3 से 8 मार्च के बीच आयोजित होने वाले ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए भी केयू महिला बास्केटबॉल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर केयू खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने बताया कि केयू ने नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल टीम के फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ को 61-45 से मात देकर विजेता का खिताब जीता। वहीं प्रतियोगिता में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर को 67-37 से हराया। गौरतलब है कि नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में लगभग 41 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि 3 मार्च से 8 मार्च 2025 के बीच कुवि के न्यू जिम्नेजियम हॉल में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

# पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का किया गया आयोजन

**विचार विमर्श**

**भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार हरियाणा को विकास के मामले में प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास कर रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

केन्द्रीय मंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा की अध्यक्षता में पानीपत नगर निगम चुनाव के मद्देनजर वार्ड 4 से भाजपा प्रत्याशी पुष्पराज उर्फ पंकज खुरसिजा के चुनाव कार्यालय में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के चुनाव



प्रभारी एडवोकेट जसबीर राठी ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है जो पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मंगल सैन के बताए अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए गरीब कल्याण के लिए कार्य करती है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार हरियाणा को विकास के मामले में प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास कर रही है। पार्षद उम्मीदवार पंकज ने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में घर-घर संपर्क कर रहे हैं बैठक में मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया, जयदेव, धर्मपाल चोपड़ा, महक दीवान, ओम दत्त आर्य और अलका शर्मा सहित मंडल के सभी भाजपा नेता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शातिर ने महिला के खाते से निकाले ढाई लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव जांट निवासी एक महिला धोखाधड़ी का शिकार हो गई। शातिर ठग ने महिला के खाते से ढाई लाख रुपये की अधिक नकदी उड़ा दी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत देकर रुपये बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव जांट निवासी कांता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घरेलू कार्य करती हैं। उसका खाता पीएनबी बैंक जांट में खुला हुआ हैं। खाते से किसी अंजान व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से दो लाखर 57 हजार 30 रुपये निकालकर धोखाधड़ी व फरोड किया है। जिसकी उसने साईबर शिकायत 23 जनवरी को की थी। 2रुपये निकालने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### गली निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप, पार्षद के साथ लोगों ने जताया रोष

**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड 8 में प्रताप कालोनी के लोगों ने पार्षद विकास शर्मा के नेतृत्व में गली निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाने पर रोष प्रकट किया। पार्षद विकास शर्मा, प्रदीप, सोमबीर, शमशेर सैनी ने बताया कि नियमित होने के बाद प्रताप कालोनी में नगरपालिका द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण किया जा रहा है। गली में टाइल लगाई जा रही हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा गली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उनके बार-बार मांग करने के बाद भी गली को सही ढंग से नहीं बनाया जा रहा। टाइल लगाने के लिए मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं नालियों का बेड भी ठीक से नहीं बनाया जा रहा। ईंटे भी निम्न स्तर की लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की अनदेखी के कारण गली निर्माण में ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है। उन्होंने एसडीएम से जांच करवाने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि इस संबंध में उनके पास शिकायत नहीं आई है। अधिकारियों को गली का निरीक्षण करने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि गली निरीक्षण के दौरान कोई समस्या सामने आती है तो ठेकेदार की पेमेंट रोकी जाएगी और गली निर्माण सही ढंग से करवाया जाएगा।

### गढ़ी केसरी में युवक को बनाया ठगी का शिकार, 99 हजार उड़ाए

**गन्नौर ।** गांव गढ़ी केसरी में एक व्यक्ति आनलाइन ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गढ़ी केसरी के नवीन ने बताया कि 10 फरवरी को उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को जियो फाइबर कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताया और वाई-फाई की शिकायत के नाम पर उससे बैंक डिटेल ले ली। इसके बाद उसके यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते से 99 हजार निकल गए। उसने जांच में पाया कि उसके खाते से रुपये एचडीएफसी बैंक, सेक्टर-23ए, गुरुग्राम शाखा में दीपक कुमार के खाते में ट्रांसफर हुए हैं। नवीन ने तुरंत 1930 पर काल कर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दी। अब थाना गन्नौर ने साइबर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्य महाप्रबंधक का तबादला होने पर ददलाना वासियों ने किया विदाई समारोह का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) रिफाइनरी** मानवसंसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक तरुण कुमार बिसई का स्थानांतरण होने पर ददलाना वासियों ने महाराणा प्रताप स्टेडियम में विदाई समारोह का आयोजन किया। गांव में पहुंचने पर मुख्य महाप्रबंधक का पगड़ी पहनकर और पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया।

बिसई ने विदाई समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे जितना प्यार और आशीर्वाद इस क्षेत्र के लोगों से मिला है उतना प्यार और आशीर्वाद मुझे शायद अपने गांव में मिले। इस क्षेत्र के लोग हमेशा रिफाइनरी के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। परंतु रिफाइनरी के अधिकारी भी इस क्षेत्र के लोगों से उतना ही प्यार करती है जितना यहां के लोग। उन्होंने कहा कि मेरा यहां से तबादला दिल्ली हुआ है जो आप लोगों से ज्यादा दूर नहीं है। आप लोगों के काम के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। पूर्व सरपंच ददलाना नैनपाल राणा और पानीपत ब्लॉक समिति अध्यक्ष दीपक राणा ने कहा कि रिफाइनरी में अधिकारी आते रहते हैं जाते रहते हैं। परंतु जितना मान सम्मान इस क्षेत्र के लोगों को आपने दिया है ऐसा मान सम्मान शायद ही कोई दूसरा अधिकारी दे। इस अवसर पर उनके साथ आर.के. पाठक, ददलाना सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत राणा, पूर्व सरपंच बोहली सज्जन सिंह, पूर्व सरपंच कुताना सरदार जोगा सिंह, शमशेर सिंह राणा, मास्टर भगवान दास राणा आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दूषित पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांधी नगर में रेलवे ओवरब्रिज के निकट स्थित गली में दूषित पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नपा सफाई निरीक्षक से बार-बार शिकायत करने पर भी समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा। जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। वार्ड पार्षद नरेश वर्मा ने बताया कि गली में नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं। इसका मुख्य कारण निकासी के लिए गली के बाहर से निकल रहा नाला चौक होना है। नाला बुरी तरह से गंदगी से अटा पड़ा है। इसकी सफाई के लिए नगरपालिका ने मशीन भी मंगवाई, लेकिन उससे भी नाला साफ नहीं हुआ। अब नपा द्वारा इसे साफ करवाने की



दशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। जिससे गली में हर समय नालियों का दूषित पानी जमा रहता है। उन्होंने बताया कि यह नाला पहले खुला हुआ था, जिससे सफाई के कार्य में कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन अब नगरपालिका द्वारा इसे कवर कर दिया गया है और नाले के मोन हाल भी काफी दूर बना रखे हैं, जिससे सफाई नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि जब वे सफाई निरीक्षक से इसकी शिकायत करते हैं, तो वह कोई कार्रवाई नही करते। इस जलभराव से स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी



परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पार्षद वर्मा ने कहा कि वह अब इस मुद्दे को समाधान शिविर में उठाएंगे और एसडीएम से लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग करेंगे।

# दुकान से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) थाना मतलौडा पुलिस** की टीम ने मतलौडा स्थित पुरानी सब्जी मंडी में कपड़े की दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को मतलौडा में गूगामेड़ी चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कपिल निवासी कवि के रूप में हुई। थाना मतलौडा प्रभारी ट्रेनिज डीएसपी ज्योति ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की मतलौडा स्थित गूगामेड़ी चौक के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान कपिल पुत्र धर्मबीर निवासी कवि गांव के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने 25 फरवरी को मतलौडा पुरानी सब्जी मंडी में कपड़े की दुकान से एक मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में तरूण मिगलानी पुत्र कृष्ण लाल निवासी पुरानी सब्जी मंडी मतलौडा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

थाना मतलौडा में तरूण मिगलानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने मतलौडा में पुराना सब्जी मंडी में मिगलानी क्लाथ हाउस के नाम से कपड़े की दुकान की हुई है।

# सरकार ने विकास करके पानीपत को किया पुनः स्थापितः गजेन्द्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने पानीपत नगर निगम चुनाव के मद्देनजर वार्ड 3 से भाजपा प्रत्याशी अनिल बजाज के चुनाव कार्यालय में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की और चुनाव प्रचार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए सलूजा ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए हर मतदाता से संपर्क जरूर करें बैठक में बूथ स्तर पर की जाने वाली रणनीतियों और चुनाव कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस पर सभी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा की जीत के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ चुनाव प्रचार अभियान चलाएंगे।

# सद्गुणों की खान थे श्रद्धेय प्रकाश लाल जीः ओम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल जी की जन्म जयंती आज पूरे भारतवर्ष में ही नहीं विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा, प्रेरणा एवं हर्षोल्लास के साथ विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित करके मनाई गई । संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा भी प्रदेश भर में स्थापित अपने निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर प्रकाश दिवस पर श्रद्धेय प्रकाश लाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गये । कुछ योग जिलों द्वारा नए




योग साधना केन्द्र स्थापित कर श्रद्धेय प्रकाश लाल जी को समर्पित किये गये हैं । कई स्थानों पर ध्यान योग शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धेय प्रकाश लाल जी की जीवनी एवं दर्शन पर व्याख्यान इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए । कुरुक्षेत्र में द्रोणाचार्य स्टेडियम स्थित योग भवन केंद्र पर संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने श्रद्धेय प्रकाश लाल जी के जीवन, चरित्र और विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एकनिष्ठ राष्ट्रभक्त, सच्चा समाजसेवी, आत्मस्वाभिमानी, दृढ़ निश्चयी, अनुशासन प्रिय बताते हुए अनेक अद्वितीय मानवीय गुणों की खान बताया ।

हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि श्रद्धेय प्रकाश लाल जी कर्मठता, सरलता, निश्चलता, निष्कपटता, विन्रमता, अडिगता, निर्भीकता, अनथकता व जीवंतता की प्रतिमूर्ति थे।

# नकदी व सामान से भरे दो बैग चुराये

**गन्नौर ।** जीटी रोड पर वीर फार्म में शादी में आए एक युवक की गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर नकदी व सामान से भरे दो बैग चोरी कर ले गए। कार मालिक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में भांवर गांव के सुमित ने बताया कि 21 फरवरी की शाम को 8 बजे अपने भाई प्रमीत के साथ जीटी रोड बड़ी के निकट वीर फार्म में शादी मे आया था। वह कार को सड़क किनारे खड़ी कर खाना खाने चले गए। थोड़ी देर बाद खाना खाकर वापस आए तो उसकी कार का पिछली खिड़की का शीशा टूटा हुआ मिला और कार में रखे दो बैग चोरी हुआ मिला। जबकि उसके भाई के बैग में 5000 रुपये नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, मोटर साईकल की आरसी, क्रैडिट कार्ड रखा था। शिकायत पर थाना बड़ी पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सड़क हादसों मे एक किसान की मौत, दूसरा गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**खेत से कामकाज खत्म** कर घर लौट रहे एक किसान की मोटरसाइकिल सामने से आ रही अज्ञात बाइक से टक्करा गई जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। किसान की पहचान सुनील(40) वासी डिकाडला के रूप मे हुई है। इसी तरह विगत 13 फरवरी को जीटी रोड पर पीएनबी बैंक के पास दो बाइको की भिंडत मे आट्टा निवासी युद्धवीर नामक एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था जो आज भी पानीपत के एक निजी अस्पताल मे जिन्दगी और मौत के




बीच झूल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक डिकाडला निवासी किसान सुनील दिन भर खेत मे काम करके शुक्रवार देर शाम मोटरसाईकिल पर घर लौट रहा था जैसे ही वह गांव के स्टेडियम के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह सडक पर गिर गया।राहगीरो ने उठाकर उसे समालखा पुराने बस अड्डा पर प्राइवेट अस्पताल मे लेकर आये,लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डाक्टर ने उसे पानीपत रैफर कर दिया। पानीपत इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। मृतक किसान दो बच्चो का पिता है। वही दूसरी घटना मे घायल बुजुर्ग युद्धवीर के दामाद अभिषेक वासी गली न0 3 आफिसर कलोनी समालखा ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 13 फरवरी को उसका ससुर युदवीर वासी आट्टा अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर गांव से उनसे मिलने समालखा आ रहा था,लेकिन उन्हे फोन पर सुचना मिली कि ससुर युदवीर का किसी नामपता नामालुम मोटरसाईकिल के साथ

एक्सीडैन्ट हो गया है। उसने मौके पर पहुंच कर देखा तो उसे काफी चोट लगी हुई थी।

# ग्रीन बेल्ट मामले में हाई कोर्ट का स्टे ऑर्डर एचएसवीपी की डस्टबिन में

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) जीटी रोड ग्रीन** बेल्ट की जमीन पर हाई कोर्ट के स्टे के बावजूद अवैध निर्माण कार्य हुडा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किया जा रहा है इसमें हाई कोर्ट के स्टे आदेशों को एचएसवीपी द्वारा डस्टबिन में डाल दिया गया और उपायुक्त के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाए उन्होंने कहा कि पिछले लगातार 6 महीने से उनके द्वारा हुडा विभाग पानीपत को इस अवैध निर्माण की शिकायतें दी जाती रही है और उनके द्वारा उपायुक्त पानीपत को भी शिकायत की थी। जिस पर उपायुक्त विजय कुमार दहिया द्वारा 2 अगस्त 24 को समाधान शिविर में संपदा अधिकारी एचएसवीपी को कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे जिसमें हुडा विभाग की पानीपत की लीगल सेल ने कंटेंप्ट ऑफ द कोर्ट करने की बात की गई थी लेकिन लेकिन हुडा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते 6 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कंटेंप्ट ऑफ द कोर्ट हाई कोर्ट में दायर नहीं की गई। पानीपत कोर्ट में वीरेश मोहन द्वारा दायर याचिका में पानीपत हुडा विभाग की लीगल ब्रांच ने भूमाफियाओं के साथ मिली भगत करके कोर्ट में एक्स पार्टी करवाकर इस ग्रीन बेल की जगह पर हुडा विभाग ने विवाद खड़े करने का कार्य किया उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूपी 13927 दिनांक 2 अगस्त 23 मे वह खुद भी पार्टी है और इस पूरे मामले पर शासन प्रशासन की मिली भगत को पानीपत की जनता के सामने ला रहे हैं।

# 9 से 11 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः समालखा** आगामी 9 से 11 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। जिसमें करीब 150 सिक्योरिटी गार्ड व 65 सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं शनिवार को चुलकाना धाम श्री श्याम बाबा मंदिर में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे के महेश्वरी व गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एसपी बंसल व उनकी धर्मपत्नी एवं यूनिवर्सिटी सेक्रेटरी गीता बंसल ,गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के वाइस चेयरमैन निशांत बंसल व गीता यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर अंकुश बंसल ने श्री श्याम



बाबा मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना की। इस दौरान यहां पहुंचने पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल छौंककर व जॉइंट सेक्रेटरी सुरेश कुमार ने उनका पटका पहनाकर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान रोशन लाल छौंककर ने कहा कि बाबा के दरबार में कोई छोटा बड़ा नहीं है।

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल बापौली में जाकर बच्चों की काउंसलिंग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पीसीसी एकेडमी के** निदेशक राजीव परुथी ने बीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बापौली में जाकर बच्चों की काउंसलिंग की आने वाली गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कैसे करें एवं सामान्य ज्ञान को बढ़ावा दें । आत्मविश्वास की भावना को जगाए रखें और अपने माता-पिता का सम्मान करें बड़ों का आदर करें जैसे मुद्दों पर लेक्चर आयोजन किया । इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने राजीव परुथी का स्वागत किया एवं आने वाले समय में स्कूल के शिक्षकों के लिए लेक्चर करवाने के लिए दोबारा आमंत्रित किया रामपाल शर्मा ने कहा अंग्रेजी भाषा बहुत जरूरी है सबको सीखना चाहिए समय के साथ अपने अंदर बदलाव लाना चाहिए। इस मौके पर राजीव परुथी ने कहा बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। यदि बचपन में ही बच्चों को अंग्रेजी भाषा के शब्दों का ज्ञान हो जाए एवं सामान्य ज्ञान में वृद्धि हो तो बच्चा कहीं मार नहीं खा सकता राजीव परुथी ने कहा मेरा लक्ष्य है पानीपत के हर स्कूल में जाकर बच्चों एवं शिक्षकों को

अंग्रेजी भाषा को सीखने के आसान तौर तरीके बताना एवं सीखना जिससे पानीपत के अंदर कोई भी ऐसा बच्चा ना रहे जो यह कहे कि मैं अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण इंटरव्यू नहीं दे पाया या वह अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण अपने आप को पिछड़ा महसूस करें।

# नवज्योति शिक्षा सदन में रक्तदान शिविर में 95 यूनिट रक्त एकत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** खुबडू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मध्य हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने किया। शिविर में सेहत टीम ने करीब 95 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में रक्तदाताओं के लिए शेखपुरा से रामनिवास दूधिया व सतबीर दूधिया ने दूध की व्यवस्था की। भांवर गांव से सरपंच मोनिका मलिक व खुबडू गांव की सरपंच सपना कुमारी ने फलों की



व्यवस्था की। शिविर की व्यवस्था में शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, सचिव अंकित त्यागी, डा. मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष अमित जिंदल, नरेंद्र पांचाल, शकुंतला कौशिक व संदीप सिंघल ने सहयोग दिया।

# भारत नगर: विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व तिलकराम गुप्ता का हुआ भव्य स्वागत

टीम एक्शन इंडिया


**नई दिल्ली:** भारत नगर मेन मार्किट में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का भव्य रूप में स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री प्राचीन हनुमान मंदिर भारत नगर एवं आरडब्ल्यूए भारत नगर द्वारा मुख्य सहयोगी अशोक धुन्ना एंव सौरभ धुन्ना के सहयोग से विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत किया गया। श्री प्राचीन हनुमान मंदिर सभा, आरडब्ल्यूए भारत नगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक तिलकराम गुप्ता व कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल शर्मा ने की। इस मौके पर अनमोल मलिक, अश्वनी वोहरा, संजीव सचदेवा, राजेन्द्र तलवार, तिलकराज, ललित, नवीन तनेजा, कृष्ण शर्मा, हितेश, चंद्र प्रकाश बोबी, मिस्टर चोपडा, कुलदीप सिंह टोनी, रजनी बत्रा, विजय शुक्ला, अमरजीत, विरेन्द्र टोनी, सोमनाथ एव कई गणमान्य लोगों ने विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व विधायक तिलकराम गुप्ता का स्वागत किया। इस मौके पर अनिल शर्मा ने बताया कि आज भारत नगर में नवनिर्वाचित विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व तिलकराम गुप्ता का स्वागत किया जा रहा है। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण रूप से विश्वास है कि नवनिर्वाचित विधायक अपने-अपने क्षेत्र का विकास करेंगे और जनता की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान करेंगें। मैं विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज और विधायक तिलकराम गुप्ता को जीत की बधाई देता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।



# कोयला उत्पादन अप्रैल-फरवरी की अवधि में 5.73 फीसदी से बढ़कर हुआ 928.95 मीट्रिक टन

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भारत के कोयला क्षेत्र ने लगातार वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक संचयी कोयला उत्पादन 928.95 मीट्रिक टन (एमटी) तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 878.55 एमटी की तुलना में 5.73 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह कोयला प्रेषण में 5.50 फीसदी की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 880.92 एमटी से बढ़कर 929.41 एमटी तक पहुंच गया। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के कोयला क्षेत्र ने उत्पादन और प्रेषण दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अपने मजबूत प्रदर्शन को जारी रखा है। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी 2025 तक कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला का उत्पादन 173.58 मीट्रिक टन रहा है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 133.36 मीट्रिक टन से 30.16 फीसदी अधिक है। इसी प्रकार कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला प्रेषण फरवरी 2025 तक 178.02 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 134.96 मीट्रिक टन से 31.90 फीसदी वृद्धि को दर्शाती है। मंत्रालय ने कहा कि कोयला क्षेत्र का यह मजबूत प्रदर्शन ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश बढ़ती मांग को कुशलतापूर्वक पूरा कर सके।




# 'दिल्ली की सत्ता को केन्द्र सरकार के अधिकारियों के माध्यम से अपने नियंत्रण में चलाने के प्रयास की कांग्रेस ने की निंदा'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर वित्त विभाग, दिल्ली सरकार ने 25 फरवरी 2025 को एक आदेश जारी कर 1 करोड़ से अधिक के सभी विभागीय खर्चों की स्वीकृति के लिए वित्त विभाग से अनुमोदन को अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने वित्त विभाग द्वारा जारी 7 अगस्त 2019 के ऑफिस मेमोरेंडम का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश उपराज्यपाल द्वारा जारी किया गया था, लेकिन अब बजट डिवीजन के एक अधिकारी के आदेश से इसे निष्क्रिय कर दिया गया है। जो यह दर्शाता है कि केन्द्र सरकार अधिकारियों के माध्यम से संवैधानिक पद पर बैठे उप-राज्यपाल की शक्तियों की भी अनदेखी करके दिल्ली सरकार को भाजपा सीधा केन्द्र सरकार के इशारे पर चलाना चाहती है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा की नव गठित सरकार के इस अलोकतांत्रिक निर्णय का पुरजोर विरोध करेगी। देवेंद्र यादव ने कहा कि 7 अगस्त 2019 के ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार 50 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट/योजनाओं के खर्च तथा अनुमान के लिए ही वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक थी, जबकि 100 करोड़ से अधिक की योजनाओं के लिए ईएफसी से स्वीकृति आवश्यक थी। लेकिन अब एक साधारण अधिकारी के आदेश से इस फैसले को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में विधानसभा चुनाव के कारण महीनों आचार संहिता लागू रही, जिससे अन्य वर्षों की तुलना में सरकारी खर्च कम होगा। ऐसे में इस प्रकार के आदेश का जारी किया जाना स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और वित्तीय संसाधनों को मनमाने ढंग से नियंत्रित करने की साजिश है। देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं ने भाजपा की दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं के खाते में 2500 रुपये भेजने का वादा किया था। बकि केजरीवाल सरकार ने बजट घोषणा में महिलाओं को 1000 रुपये देने की बात कही थी। जिसे न तो आम आदमी पार्टी ने लागू किया था।



# आम आदमी पार्टी के राज में महज विज्ञापनों के दम पर ही दिल्ली को चमकता हुआ दिखाया गया था: आदेश भारद्वाज

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नवनियुक्त भाजपा सरकार द्वारा पूर्व सरकार की सीएजी रिपोर्ट पेश करने पर जो खुलासे हुए हैं उससे दिल्ली की राजनीति काफी गरमाई हुई है। इसी मुद्दे पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि अपने कट्टर ईमानदार बताने वाले लोग सालों साल सीएजी रिपोर्ट को दबाकर बैठे रहे। शराब नीति और हेल्थ सिस्टम पर आई सीएजी रिपोर्ट यह बताने को काफी है कि कट्टर ईमानदार चोले में कट्टर बेईमान छुपे हुए थे। जिस तरह से थोक विक्रेताओं के मुनाफे को 5% से बढ़ाकर 12% कर दिया गया। एक-एक विक्रेताओं को 50 से ज्यादा ठेकों का आवंटन, कुछ विशेष ब्रांड्स की प्रमोट किया जाने से आम आदमी पार्टी की सरकार पर सवाल उठने वाजिब है। और न केवल आप बल्कि तत्कालीन उपराज्यपाल, जिन्होंने नई शराब नीति को ही झंडी दी उन पर भी सवाल उठते हैं। एमसीडी चला रही भाजपा पर भी सवालिया निशान उठते हैं क्योंकि मास्टर प्लान के नियमों को धता बताकर ठेके खोलने की परमिशन दी गई। ठेके के लाइसेंस जारी करने का काम एमसीडी का था, और उस वक्त एमसीडी में बीजेपी थी। तो कैसे लाइसेंस जारी कर दिए गए। साथ में नॉन कन्फर्मिंग एरियाज में ठेके कैसे खोल जाने दिए गए? शराब नीति पर दोनों ही पार्टियों पर उंगलियां उठती है जिनके जवाब मिलने जरूरी है। आदेश भारद्वाज ने सीएजी रिपोर्ट में हेल्थ सिस्टम को लेकर सामने आई त्रुटियों पर आप पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल और उनके लोग हमेशा से अपने हेल्थ मॉडल की खूबियों का बखान करते रहे हैं। जबकि अब इस रिपोर्ट से यह साफ हो गया कि महज विज्ञापनों के दम पर अपनी तस्वीर को चमकाया जाता रहा और असलियत कुछ और निकली। इस रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि दिल्ली के लगभग 27 अस्पतालों में से14 में आईसीयू नहीं हैं, और 16 में ब्लड बैंक नहीं हैं, 8 अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं हैं, और 15 अस्पतालों में शवगृह (मॉर्चरी) नहीं हैं। 12 अस्पताल बिना एम्बुलेंस सेवा के चल रहे हैं।



# 'भाजपा सरकार संकल्प पत्र के सभी वादे समय पर पूरा करेगी'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का शनिवार को प्रदूषण को काबू करने को लेकर जारी निर्देश पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण समाधान पर भाजपा के संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा दस साल से अरविंद केजरीवाल सरकार को यह समझाने का प्रयास करती रही कि प्रदूषण रोधक उपाय एवं उनके साथ पर्यावरण संरक्षण करना निरंतर वर्ष भर करने का काम है। इसके बाद भी केजरीवाल सरकार के कान पर कभी जूं नहीं रेंगी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार प्रदूषण पर पौधरोपण पर तब बात करती थी, जब वह समस्या बिल्कुल सिर पर आ जाती थी। केजरीवाल सरकार गर्मी के वायु प्रदूषण पर अप्रैल अंत में, पौधारोपण पर जून अंत में और सर्दी के पराली प्रदूषण पर अक्टूबर अंत में बैठक बुलाती थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक मार्च को उच्च स्तरीय बैठक रखकर यह बताया कि भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव संकल्प पत्र के हर वादे को समय पर पूरा करने को कृतसंकल्प हैं।

# पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने वार्ड के अलग-अलग इलाकों में चलाया विशेष अभियान

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर वार्ड के अलग-अलग इलाकों में साफ सफाई करवाई गई। मुकुंदपुर वार्ड के शुक्ला कॉलोनी की नालों की सफाई वेक्टरा मशीन द्वारा करवाई, तो वहीं जहांगीरपुरी इलाके के डी ब्लाक स्थित निगम के उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने एक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान क्षेत्र के पार्को की साफ सफाई तो करवाई ही गई बल्कि पार्कों में हुए अवैध कब्जों को भी हटाया गया। इसके साथ ही कब्जा करने वालों को कानूनी कार्यवाही होने की चेतावनी भी दी गई। इसके अलावा क्षेत्र स्थित गली नंबर 18 मानक कुंज पार्ट दो में भी नालियों में मशीन चलाकर सफाई करवाई गई। इस मौके पर निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि जहांगीरपुरी के कई निगम पार्कों में लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था जिनको हटवा दिया गया है व उन लोगों को चेतावनी भी दी गई, इसके इसके साथ ही राठौर ने बताया कि क्षेत्र स्थित मानव कुंज में भी लोगों ने गली में बनी हुई नालियों पर कब्जा कर उनको बंद कर दिया था जिसके चलते क्षेत्र के अन्य लोगों को भी परेशानियां होने लगी थी, उन लोगों को भी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाया गया है।





# द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के आगे कूदकर एक व्यक्ति ने की खुदकुशी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेट्रो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल मेट्रो पुलिस आसपास के थानों में संपर्क कर मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। मेट्रो पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन पर एक युवक के खुदकुशी करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक सीआईएसएफ के जवान और मेट्रो कर्मियों ने घायल को निकाल कर एम्स ले जा चुके थे। जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस मेट्रो स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।





# किसानों की समृद्धि के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं: शिवराज सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को "कृषि और ग्रामीण समृद्धि" पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। वेबिनार में शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित केन्द्रीय कैबिनेट और राज्यमंत्रियों से नीतियों में निरंतरता, विकसित भारत विजन, बजट को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारने, कृषि विकास, दलहन उत्पादन और उन्नत बीज सहित कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हमारी छह सूत्री रणनीति है। पहला उत्पादन बढ़ाना, दूसरा उत्पादन की लागत घटाना, तीसरा उत्पादन का ठीक दाम, चौथा नुकसान की भरपाई, पांचवा कृषि का विविधिकरण और छंठवां प्राकृतिक खेती। कृषि विकास और किसानों की समृद्धि के बिना विकसित भारत का निर्माण नहीं हो सकता। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए लक्ष्य तय है, उसको तेजी से जमीन पर उतारकर हमें जल्द परिणाम देना है। देश में अनाज, फल, सब्जियों और दूध का उत्पादन बढ़ा है। सब्जी और फलों की प्रोसेसिंग और बढ़ाना है। भारत केवल अपने लिए अन्न, फल सब्जी ना उगाए, बल्कि दुनिया का फूड बास्केट बन जाए, इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम जो भी नीतियां बनाते हैं, वो किसानों को सशक्त बनाने, उनकी आय बढ़ाने और कृषि के आधुनिकीकरण करने के लिए होती है। केन्द्र सरकार किसानों के कल्याण, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शिवराज सिंह चौहान ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर बजट के सभी प्रस्तावों को नीचे जमीन तक उतारना है। उन्होंने कहा कि इस वेबिनार में जिस गहराई और गंभीरता से विचार किया है, वो बजट में आए प्रस्तावों को जमीन तक उतारने में बहुत सहायक सिद्ध होगा। कई विचार ऐसे भी आए हैं, जो सीधे बजट से सबंधित नहीं है लेकिन एलाइट सेक्टर से जुड़े हुए हैं और एलाइट सेक्टर कृषि, किसान और ग्रामीण विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जो वेबिनार में आए बात नहीं रख पाए हैं, वो लिखित सुझाव जरूर भेजें, लिखित सुझावों पर शीघ्रता से विचार कर उन्हें कैसे लागू करें।



# मॉडल टाउन: धूमधाम से मनाया गया कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विनोद वधवा का जन्मदिन

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा का 73वां जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। आपको बातदें कि सुबह से ही विनोद वधवा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जहां एक ओर लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की भी कामना की। आपको यह भी बतादें कि विनोद वधवा बड़े ही अच्छे और मिलनसार व्यक्ति है। यही कारण है कि बहुताय की संख्या में लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। विनोद वधवा को बधाई देने वालों में अंजना वधवा, राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा, अनुषा वधवा, दीशिता वधवा, बिमला सूरी, अजित सूरी, अनीता कपूर, पवन कपूर, मोहित कपूर, रिया कपूर, इंदरजीत साहनी, अमिता साहनी, कृष्णा खेतरपाल, हरदेश खेतरपाल, तरुण वधवा, संगीता वधवा, आरती खेतरपाल, अनिल वधवा, हिमांशु वधवा, रतिका वधवा, अंकित वधवा, आरुष वधवा, अशिका वधवा, मन्नत वधवा मुख्य रूप से उपस्थित थे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इसके अलावा विनोद वधवा को नरेंद्र चुघ, गीता राकेश भारद्वाज, रमेश वधवा, संजय सहगल, शैली सहगल, रमेश जैन, राजिंदर गुप्ता, नरेश अग्रवाल, रामभज मित्तल, संजय अग्रवाल और ट्रस्टी विनायक हॉस्पिटल, निर्भय नरूला, कमलेश नरूला, राजीव खरबंदा, मंजू खरबंदा, अजय वोहरा, संदीप अग्रवाल, अमित वधवा, संजय अग्रवाल, पवन गुप्ता, लक्की महाजन, अमित मिश्रा, जे के डावर, आनंद गोयल, राजिंदर वधवा और गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गरिमा साहनी, धमीजा, शिव कुमार भसीन, संजय भसीन, संदीप भसीन, शम्मी भसीन, आर एम आनंद, विक्की अरनेजा, दीक्षा अरनेजा, हरीश चौधरी, रश्मि बजाव, वीना बजाज, दीक्षा अरनेजा, रवि कोचर, गौरी शंकर शर्मा, बृजमोहन गोटेवाला, कैलाश जोशी, अजय, राजेश, विशाल कुकरेजा, जाने आलम, सचिन दीवान, अमित वधवा, रवि कोछड़, राजिंदर सिंह मलिक, सुरिंदर चावला, लोकेश भाटिया, विक्की गुलाटी, राजिंदर सिंह राजपुरोहित, विजय गुप्ता, राजेश सराफ, संदीप वर्मा, महेंद्र सिंह खत्री सहित कई लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी।







# महाकुंभः अयोध्या पहुंचा करोड़ों श्रद्धालुओं का रेला

## राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन, अयोध्या के अन्य आध्यात्मिक स्थलों पर पहुंचा श्रद्धालुओं का कारवां

भक्ति

मेले के दौरान अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा कि हर कोई ताज्जुब कर गया






**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** प्रयागराज का महाकुम्भ इस बार बड़ा कीर्तिमान गढ़ गया। 45 दिन तक चले मेले के दौरान अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा कि हर कोई ताज्जुब कर गया। इतने दिनों में अयोध्या में भी एक इतिहास रच दिया। चार से पांच करोड़ के बीच लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसा पहली बार हुआ कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन को रात एक-एक बजे तक कपाट खोले रखे गए। श्रद्धालुओं ने योगी सरकार के विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमकर तारीफें भी की हैं। अयोध्या में मकर संक्रांति से श्रद्धालुओं के उमड़ने का क्रम शुरू हुआ तो महाशिवरात्रि तक जारी रहा। 26 जनवरी से तो मानों प्रयागराज ही उमड़ आया। रोजाना 10 से 12 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओं ने न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या को देखा बल्कि पर्यटन का भी नजारा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत-सत्कार किया। साथ ही, उन्हें पूर्ण सुरक्षा दिलाते हुए मंन्दिरों में दर्शन-पूजन भी कराया।

**सवा करोड़ ने तो रामलला के दर्शन किये :** अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्रभु श्री रामलला का मंदिर और हनुमानगढ़ी रहा। प्रभु श्री रामलला के दरबार में तो रात एक-एक बजे तक दर्शन हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र बताते हैं कि 45 दिन के दौरान राम मंदिर में 1.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की गिनती एआई और डोर मैटल डिटेक्टर के जरिये की गई। लगभग रोजाना श्रद्धालुओं की ओर से 15 लाख का दान दिया जाता रहा है।

**होटल-होम स्टे वालों की रही चांदीः** श्रद्धालुओं ने अयोध्या का व्यापार भी बढ़ा दिया। फल-फूल, प्रसाद आदि की बिक्री के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और होम स्टे का व्यवसाय बूम कर गया। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों ने होम स्टे बुक कर अयोध्यावासियों की भी जेबें फुल कर दी। राम मंदिर के निकट के सभी होम स्टे में बुकिंग स्लॉट खाली नहीं दिखे। होमस्टे योजना बनाकर योगी सरकार ने अयोध्या वासियों को रोजगार का एक अच्छा मौका भी दिया है।

**प्रशासन के थे चुस्त-दुरुस्त इंतजामः** राम मंदिर के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी व्यवस्थाएं कर रखी थी। 25 हजार लोगों के ठहरने के लिए आश्रय स्थल, शौचालय, पेयजल, साफ -सफाई व्यवस्था आदि का इंतजाम किया गया था।
इसके अलावा रुट डायवर्जन भी किया गया था। भीड़ बढ़ती देख जिले की सीमाओं पर होल्डिंग एरिया बनाये गए थे।

## महाकुम्भ में नमामि गंगे विभाग के स्वागत से अभिभूत हुए आगंतुक

**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में लगे महाकुम्भ में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के स्वच्छ सुजल गांव में पहुंचे आगंतुक स्वागत से अभिभूत हुए। गांव में आए 30 लाख लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बदले यूपी की विकास गाथा भी देखी। इस दौरान नल से जल पर हुई क्विज प्रतियोगिता में 10,229 युवाओं को सम्मानित किया गया। 3.60 लाख से अधिक लोगों ने डिजिटली जल जीवन मिशन द वाटर रन गेम्स भी खेला। योगी सरकार ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वहन करते हुए 25 लाख अतिथियों को उपहार स्वरूप जल प्रसाद भी दिया।
**30 लाख से अधिक आगंतुक आए स्वच्छ सुजल गांव :** योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने महाकुम्भ में स्वच्छ सुजल गांव बसाया था। इसमें देश-दुनिया के 30 लाख से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने योगी सरकार के नेतृत्व में 2017 के बाद आए बदलाव के बाद यूपी के समृद्ध गांवों की कहानी भी देखी। गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती में शामिल होकर लोगों ने यूपी की आध्यात्मिक वैभव का भी दीदार किया।
**40 हजार स्क्वायर फीट में बसा था गांवः** प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हुए। उन्होंने यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का भी दीदार किया।

# बैंक अधिकारी के घर हुई लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना एवं एसओजी नगर व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने लाखों की लूट का खुलासा करते हुए शनिवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से लूट का सामान एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद किया है। तीनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारतीय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर निवासी सुलेमान हक, करेली निवासी दीपक कुमार घुसिया और धूमनगंज थाना क्षेत्र के महेंद्र नगर टीपी नगर निवासी अरविंद कुमार है। पुलिस टीम ने तीनों के कब्जे से गले का हार (पीली धातु), 1 चैन (पीली धातु), 1 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु), 1 नाक की कील (पीली धातु), चार जोड़ी कंगन (सफेद धातु), 1 कमरबंद (सफेद धातु), पांच जोड़ी पायल बड़ी (सफेद धातु), एक जोड़ी पायल छोटी (सफेद धातु), 19 बिछिया (सफेद धातु), 12 बिछिया मय लड़ी (सफेद धातु), 01 प्लेट (सफेद धातु), 02 कटोरी (सफेद धातु), 01 चम्मच (सफेद धातु), 01 तमंचा .315 बोर, 02 जिंदा कारतूस .315 बोर, 670 रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल बरामद किया गया ।
उल्लेखनीय है कि, 22 फरवरी को एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपल गांव निवासी विशाल राव बैंक कैशियर के घर में उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ अकेली थी। जहां अज्ञात व्यक्ति उनके घर मिलने के बहाने पहुंचे और लूटपाट करने के बाद फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पूरे प्रकरण का खुलासा किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिवार में छाया मातम

**कानपुर।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के कानपुर-अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर शनिवार को सड़क हादसा हो गया। जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब शिवराजपुर में रहने वाले संतोष सैनी का बेटा अखिल उर्फ ईशु सैनी (20) सुबह चौबेपुर स्थित बाजार में धान बेचने गया था। घर वापसी के दौरान कानपुर-अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर नमस्ते इंडिया दूध डेयरी के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र में मिली बड़ी लापरवाही



जायजा लिया

परीक्षाओं के सम्बंध में पतारा स्थित किसान औद्योगिक इंटर कालेज में परीक्षा सेंटर का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आयोजित हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के सम्बंध में पतारा स्थित किसान औद्योगिक इंटर कालेज में परीक्षा सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक की बिना नंबर प्लेट की कार स्कूल परिसर में खड़ी मिली। साथ ही डियूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी नदारद मिले। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। परीक्षाओं को पारदर्शिता से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी भी है। जिसे लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह समय-समय परीक्षा सेंटरों की समीक्षा भी कर रहे हैं। वह आज पतारा स्थित किसान औद्योगिक इंटर कालेज पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूल प्रबंधक की बिना नंबर प्लेट की कार खड़ी पाई। जिसे देखकर उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय विद्यालय परिसर में केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा से जुड़े अधिकारियों की ही मौजूदगी होनी चाहिए। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है लेकिन यहां पर कोई भी पुलिसकर्मी नहीं मिला। जिसे देख डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में डीसीपी ध्यान दें। जो भी पुलिसकर्मी अपनने दायित्व का पालन नहीं कर रहे हैं। उन पर ध्यान देते हुए कार्रवाई करें। साथ ही जिला इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल (डीआईओएस) को यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कहा है।
ताकि परीक्षा सेंटरों में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो सकें।

## शराबी पति से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**मीरजापुर।** कछवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शनिवार को एक महिला ने पति के दुर्व्यवहार से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति सतीश शराब का लती है। वह अक्सर नशे में घर आने के बाद पत्नी से झगड़ा करता था। सतीश कुमार शुक्रवार की रात शराब के नशे में धुत घर पहुंचा और पत्नी सविता को मोबाइल पर किसी से बात करते देख गुस्सा गया। उसने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और गाली-गलौज करने लगा। दंपति के बीच विवाद हुआ। इसके बाद सतीश घर से चला गया। इसके बाद पत्नी सविता अपने चारों बच्चों को सास मांती देवी को देकर अंदर से अपना कमरा बंद कर लिया। देर रात नींद से जागने पर जब सास ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उन्होंने खिड़की से झांककर देखा। अंदर बहू को फांसी के फंदे से लटका देखकर उसके होश उड़ गए।

# नल से जल क्विज प्रतियोगिता में 10,229 युवा सम्मानित



सम्मान

परंपरा का निर्वहन करते हुए 25 लाख अतिथियों को उपहार स्वरूप जल प्रसाद भेट किया।

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में लगे महाकुम्भ में नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के स्वच्छ सुजल गांव में पहुंचे आगंतुक स्वागत से अभिभूत हुए। 30 लाख लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बदले यूपी की विकास गाथा देखी। इस दौरान नल से जल पर हुई क्विज प्रतियोगिता में 10,229 युवाओं को सम्मानित किया गया। 3.60 लाख से अधिक लोगों ने डिजिटली जल जीवन मिशन द वाटर रन गेम्स खेला। राज्य सरकार ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का निर्वहन करते हुए 25 लाख अतिथियों को उपहार स्वरूप जल प्रसाद भेट किया।
**30 लाख से अधिक आगंतुक आए स्वच्छ सुजल गांव**
नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने महाकुम्भ-2025 में स्वच्छ सुजल गांव बसाया था। इसमें देश-दुनिया के 30 लाख से अधिक आगंतुक पहुंचे, जिन्होंने योगी सरकार के नेतृत्व में 2017 के बाद आए बदलाव के बाद यूपी के समृद्ध गांवों की कहानी देखी। गांव में प्रतिदिन शाम को गंगा जल आरती में शामिल होकर लोगों ने यूपी की आध्यात्मिक वैभव का भी दीदार किया।
**40 हजार स्क्वायर फीट में बसा था गांवः** जल जीवन मिशन के जरिए बुंदेलखंड के गांव-गांव में हर घर जल पहुंचाने की नई तस्वीर से भी आगंतुक रूबरू हुए।
उन्होंने यहां 2017 से पहले बदहाल और इसके बाद बदले बुंदेलखंड के बदलाव की गाथा का दीदार किया। देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं ने 40 हजार स्क्वायर फीट में बसे गांव में प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, ग्राम पंचायत, सोलर एनर्जी के जरिये समृद्ध उत्तर प्रदेश की नई कहानी देखी। इस गाथा ने बदले यूपी की पहचान से हर आगंतुक को अवगत भी कराया।
**पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थीम पर बसा था गांवः** ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग ने महाकुम्भ-2025 में 40 हजार स्क्वायर फिट में स्वच्छ सुजल गांव बसाया था। इसकी थीम पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थी।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए बैंक ऑफ इंडिया के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव

काबू

शाम 07 बजे से देर रात 02 बजे तक टीम शोभित श्रीवास्तव से पूछताछ करती रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरदोई।** सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने बैंक ऑफ इंडिया की चौक, शाहाबाद शाखा के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। ऋण अधिकारी ने ऋण स्वीकृत करने के लिए एक महिला से रिश्वत मांगी थी। महिला की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की है। बैंक ऋण अधिकारी को शनिवार को लखनऊ की सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। शाहाबाद क्षेत्र निवासी उपासना वर्मा ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए ऋण आवेदन किया था। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ऋण के लिए पत्रावली बैंक ऑफ इंडिया की चौक शाहाबाद शाखा को भेजी गई थी। बैंक ऑफ इंडिया के ऋण अधिकारी शोभित श्रीवास्तव ने 5,00,000 रुपये ऋण स्वीकृत किए जाने के लिए 10 प्रतिशत सुविधा शुल्क की मांग की थी। उपासना वर्मा के पति रमेश से बैंक अधिकारी ने 50,000 रुपये मांगे थे। इसकी शिकायत उपासना ने सीबीआई की एंटी करप्शन टीम से गुरुवार को की थी।शुक्रवार देर शाम सीबीआई टीम ने छापा डाला और शोभित श्रीवास्तव को 10,000 रुपये लेते गिरफ्तार कर लिया। शाम 07 बजे से देर रात 02 बजे तक टीम शोभित श्रीवास्तव से पूछताछ करती रही।

## नए अधिवक्ता कानून को वापस लेने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** नए अधिवक्ता कानून 2025 के विरोध में दीवानी बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शनिवार को ट्रिब्यूनल न्यायालय कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करते हुए काले कानून को वापस लेने की मांग किया। वकीलों का कहना है कि नया कानून उनके काम में बाधा उत्पन्न करेगा। उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। अधिवक्ता बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर सरकार यह कानून वापस नहीं लेती है तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। वकीलों ने चेतावनी दी है कि वे सरकार की आय के सभी स्रोतों को प्रभावित करेंगे।

# भीड़ प्रबंधन का उत्कृष्ट मॉडल बना महाकुम्भ 2025



प्रदर्शित

संगमनगरी में आयोजित महाकुम्भ ने न केवल सनातन धर्म की आध्यात्मिक महिमा को प्रदर्शित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज।** संगमनगरी में आयोजित महाकुम्भ ने न केवल सनातन धर्म की आध्यात्मिक महिमा को प्रदर्शित किया, बल्कि भीड़ प्रबंधन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। इस मेले में औसतन प्रतिदिन 1.5 से पौने 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया और बिना किसी अवरोध के अपने गंतव्य को लौटे। इतनी विशाल संख्या में लोगों का प्रबंधन करना अपने आप में एक चुनौती थी, जिसे शासन और प्रशासन ने अपनी सूझ बूझ से एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि, 45 दिन तक चले इस महाआयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। यह संख्या भारत की कुल आबादी की लगभग आधी है। यही नहीं, इन 45 दिनों में महाकुम्भ नगर भारत और चीन के बाद तीसरी सबसे ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र बन गया।
**व्यापक कार्ययोजना पर किया गया कामः** महाकुम्भ में भीड़ प्रबंधन के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई थी। विभिन्न दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए, जिससे भीड़ का प्रवाह सुचारु रहा। कंट्रोल रूम से 247 निगरानी सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी स्थिति में किसी एक जगह ज्यादा भीड़ एकत्रित होने पर त्वरित कार्रवाई हो सके। इसके अतिरिक्त पार्किंग स्थल बनाए गए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। यह प्रबंधन न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी चर्चा का विषय बना। वैश्विक स्तर पर भीड़ प्रबंधन के कुछ अन्य उदाहरण भी उल्लेखनीय हैं। सऊदी अरब में हज के दौरान हर साल लाखों मुस्लिम मक्का पहुंचते हैं।

# पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का काम करती है भारतीय संस्कृतिः उपमुख्यमंत्री



विमर्श

प्रमुख नरेंद्र कुमार ने कहा कि वर्षभर राष्ट्रीय विमर्श को बढ़ाने का कार्य को आयोजक करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** श्री गुरु वशिष्ठ न्यास द्वारा आयोजित श्रीराम परिषद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाकुंभ में हमने देखा 90 वर्ष की सास को बहु ले जा रही है। क्या बाहर किसी देश में ऐसा दृश्य दिखाई देगा। हमारी भारतीय संस्कृति है, पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का काम करती है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर प्रथम सत्र भारत निर्माण के 100 वर्ष विषय पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी स्मृतियों को ताजा करने के लिए हम एकत्रित हुए है। जब से हमने भारतीय संस्कृति को आकार देना शुरू किया, तभी से हमारी संस्कृति पर हमले शुरू हुए। हमारे गुरुजनों ने कहा कि अगली पीढ़ी को संस्कृति का ज्ञान दीजिए। हम दुनिया को परिवार मानते है, पीपल के पेड़ को बहने धागा बांधती है। भारत की प्राचीन संस्कृति ही दुनिया को आगे बढ़ा सकती है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज रामचरित मानस को जन जन पढ़ता है। रामायण दूसरी भाषाओं में है। तुलसीदास जी ने बताया है कि हमारे भाई, बहन, पिता से रिश्ते कैसे होगे। 2014 से देश में बड़े बदलाव हुए है। पहला परिवर्तन हुआ, हम गर्व से कहने लगे कि हम भारतीय हैं। भारतीय संस्कृति को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन कर तैयार हुए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में अस्पतालों में बच्चों ने जन्म लिया। बेटी का नाम गंगा रखा, बेटे का नाम कुंभ रखा गया। महाकुंभ में अस्पताल कर्मियों ने, स्वच्छता कर्मियों ने सभी मेहनत की है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी आत्मा को तृप्त किया है। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार हर्ष वर्धन त्रिपाठी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की चेतना में विशेष परिवर्तन हुआ है। वैचारिक यात्रा का समय काल चल रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार हिन्दू चेतना को बढ़ाने का कार्य किया है। श्रीराम परिषद इसी क्षेत्र में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि कुंभ को देखकर लगता है, इतनी बड़ी संख्या कैसे आई, लेकिन ऐसा हुआ। मेरे एक परिचित है, जिसमें धर्म में बहुत आस्था नहीं है, वह भी वहां कुंभ में पहुंचे। जो लोग देश, समाज को बांटने की सोचते है, ऐसे लोगों को श्रीराम परिषद एक उत्तर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ने कहा कि वर्षभर राष्ट्रीय विमर्श को बढ़ाने का कार्य को आयोजक करें।

# सामूहिक विवाहः 35 जोड़ों ने लिए सात फेरे



**टीम एक्शन इंडिया**
**फिरोजाबाद।** बाबा खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा शनिवार को फैलौरा दौज के अवसर पर कोटला रोड स्थित राधा कृष्ण गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया। जिसमें 35 जोड़ों ने दंपति जीवन में प्रवेश किया। विवाह समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने फीता काटकर किया। विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार आचार्यों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराए गए। समिति के पदाधिकारियों के द्वारा विवाह समारोह में शामिल जोड़ों को दान दहेज देकर विदा किया। उपस्थित अतिथियों ने नव दंपत्ति को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
समारोह के अध्यक्ष बंटू कुशवाह ने कार्यक्रम में आये लोगों से कहा कि जो पिता अपनी बेटी की शादी करने में असमर्थ है तो वह समिति के लोगों से संपर्क कर बेटी की शादी कर सकता है। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक डूंमर सिंह, उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा, विपिन लहरी, समिति प्रबंधक मनोज कुशवाहा, सचिव अभिषेक कुशवाहा, पंकज राठौर आदि मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 02 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## प्राकृतिक खेती को और विस्तार देगी योगी सरकार

**लखनऊ:** जन, जमीन और जल के लिए संजीवनी है रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती। इन सबका हित, खेतीबाड़ी के स्थाई और टिकाऊ विकास पहले कार्यकाल से ही योगी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार इसे लगातार विस्तार देने के साथ इसके लिए भरपूर पैसा और किसानों को प्रोत्साहन भी दे रही है। इसके लिए बीज से लेकर बाजार तक सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद हर संभव मंच से किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इसी क्रम में सरकार ने तय किया है कि अब सिर्फ गंगा ही नहीं स्थानीय नदियों के दोनों किनारे पर 5/5 किलोमीटर के दायरे में सिर्फ प्राकृतिक खेती होगी। इस बाबत 1886 क्लस्टर बनाए जाएंगे। सरकार इस पर 270.62 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हाल में हुई राज्य स्तरीय कृषि समिति की बैठक में इस कार्ययोजना को मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके पूर्व कैबिनेट में भी प्राकृतिक खेती और खेत तालाब योजना के लिए इसके पूर्व भी 1191.51 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। हाल ही में योगी सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में भी नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 124 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

## शेहला के विरुद्ध एफआईआर वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली: दिल्ली के पटियाला** हाउस कोर्ट ने भारतीय सेना पर ट्वीट करने के मामले में जेएनयू की पूर्व छात्र नेता शेहला राशिद के खिलाफ दर्ज एफआईआर को वापस लेने की अनुमति दे दी है। दिल्ली पुलिस की याचिका पर चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट अनुज कुमार सिंह ने शेहला राशिद के खिलाफ दर्ज मामले को वापस लेने की अनुमति दी। दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर कर कहा था कि दिल्ली के उप-राज्यपाल ने 23 दिसंबर 2024 को शेहला राशिद के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए दी गई अनुमति वापस ले ली है। उप-राज्यपाल ने एक स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा के आधार पर ये फैसला लिया है। दरअसल, वकील आलोक अलख श्रीवास्तव की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शेहला राशिद के खिलाफ 2019 में भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए, 153ए, 153, 504 और धारा 505 के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

# भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले जल्द पूरा करें: सीएम

## 15 मार्च तक पूरी कर ली जाएं लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण संबंधी कार्रवाई: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न जनपदों में चल रहीं केंद्र व राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमहत्व से जुड़ी विकास



परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में देरी से कास्ट रिवाइज की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व आयुक्त हर 15 दिन पर इसकी समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते

**बैठक**

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने की केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा**

हुए नोट भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजा के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही प्रदान कर दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएं। इसमें आ रहीं समस्याओं का तत्काल समाधान भी निकाला जाए। ग्रेनो में हॉस्पिटल निर्माण से लगभग एक हजार प्रत्यक्ष तथा दो-तीन हजार अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। उत्पन्न करने वाले लोगों को चिह्नित करें और उनसे सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी से जुड़े कई विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली और इन कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और रोजगार सृजन ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए जीरो पेंडेंसी की अवधारणा पर कार्य करें।

## जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी से दायित्व निभाएं : शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान विधानसभा में बने गतिरोध के मामले को लेकर उन्होंने निंदा करते हुए कहा कि जब जनता जनप्रतिनिधि को चुनकर के विधानसभा भेजती है तो जिम्मेदारी उसी रूप में निभानी चाहिए और सभी पक्ष,अपक्ष और विपक्ष को मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूरी निष्ठा से करना चाहिए। वे शनिवार को जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। 67 करोड़ लोगों द्वारा डुबकी लगाने के विषय पर शेखावत ने कहा कि 67 करोड़ लोगों द्वारा डुबकी लगाने के विषय पर बातचीत करते हुए कहा कि, एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत का गौरव और गरिमा जिस रूप में आस्था और विश्वास के साथ कुंभ की बनी है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम जनता का विश्वास भारतीय संस्कृति और



**निष्ठा**

**▸▸ सभी पक्ष,अपक्ष और विपक्ष को मिलकर अपनी जिम्मेदारी का निर्माण पूरी निष्ठा से करना चाहिए**

एकता में कितना है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास जब मुद्दे नहीं होते हैं तब इस तरह के मुद्दों को हवा दी जाती है। जोधपुर में बनने वाली एलिवेटेड रोड को लेकर शेखावत ने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में शिलान्यास करवाया जाएगा।

## टोल राशि के विवाद में की जमकर तोड़फोड़, हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चित्तौड़गढ़। जिले के** निंबाहेड़ा उपखंड क्षेत्र में आने वाले धीनवा टोल पर शुक्रवार शाम को टोल राशि को लेकर विवाद हो गया। वैन के आए आरोपितों और इनके साथियों ने टोल नाके पर जम कर तोड़फोड़ की। यहां तक टोल बूथ के सर्वर रूम तक को नुकसान पहुंचाया। हमले से डरे टोलकर्मी बूथ छोड़ कर मौके से भाग छूटे। इस संबंध में निंबाहेड़ा सदर थाने में आरोपितों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज करवाया है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ जिले में निम्बाहेड़ा-

**विवाद**

**▸▸ उपखंड क्षेत्र में आने वाले धीनवा टोल पर शुक्रवार शाम को टोल राशि को लेकर विवाद हो गया**

मंगलवाड स्टेट हाइवे पर सदर थाना इलाके में धीनवा गांव के पास आरएसआरडीसी का टोल बूथ हैं। यहां पर शुक्रवार देर शाम एक वैन चालक और उसके साथी पहुंचे। यहां बीत पर बैठे टोलकर्मी ने टोल राशि मांगी। इस पर वैन में सवार आरोपितों ने टोल राशि देने से इनकार कर दिया।

## 45 दिन का महाकुम्भ मेला, अयोध्या में पहुंचा करोड़ों श्रद्धालुओं का रेला

**टीम एक्शन इंडिया**

अयोध्याः प्रयागराज का महाकुम्भ इस बार बड़ा कीर्तिमान गढ़ गया। 45 दिन तक चले मेले के दौरान अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा की हर कोई ताजुब कर गया। इतने दिनों में अयोध्या में भी एक इतिहास रच दिया। चार से पांच करोड़ के बीच लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसा पहली बार हुआ कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन को रात एक-एक बजे तक कपाट खोले रखे गए। श्रद्धालुओं ने योगी सरकार के विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमकर तारीफें भी की हैं। अयोध्या में मकर संक्रांति से श्रद्धालुओं के उमड़ने का क्रम शुरू हुआ तो महाशिवरात्रि तक



जारी रहा। 26 जनवरी से तो मानो प्रयागराज ही उमड़ आया। रोजाना 10 से 12 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओ ने न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या को देखा बल्कि पर्यटन का भी नजारा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत सत्कार किया साथ ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा दिलाते हुए मन्दिरों में दर्शन पूजन भी कराया।

**सवा करोड़ ने तो रामलला के दर्शन किये**

अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्रभु श्री रामलला का मंदिर और हनुमानगढ़ी रहा। प्रभु श्री रामलला के दरबार में तो रात एक-एक बजे तक दर्शन हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि

**ऐलान**

**▸▸ मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में रामनगरी में श्रद्धालुओं को मिली सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था**

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र बताते हैं कि 45 दिन के दौरान राम मंदिर में 1.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की गिनती एआई और डोर मैटल डिटेक्टर के जरिये की गई। लगभग रोजाना श्रद्धालुओं की ओर से 15 लाख का दान दिया जाता रहा है।

## सरकार विफल, कांग्रेस की योजनाओं को किया कमजोर : डोटासरा

**जोधपुर:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। इस सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को कमजोर कर दिया और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं को भी कमजोर कर डाला। वे शनिवार को जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में सरकार जैसी चीज है ही नहीं। इस सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को कमजोर करने के साथ चिकित्सा व शिक्षा की योजनाओं को भी कमजोर कर दिया। उन्होंने कहा कि 800 कामों की समीक्षा शुरू की उसका क्या हुआ पता नहीं है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 1 से 7 मार्च, 2025 तक मनाए जाने वाले जन औषधि सप्ताह की शुरूआत में जन औषधि रथों को दिखाई हरी झंडी, साथ में हैं केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल।

## यूपी में न्यायिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प करने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार प्रदेश में न्यायिक प्रणाली को सशक्त करने की दिशा में लगातार बड़ा कदम उठा रही है। न्याय तक पहुंच को आसान और प्रभावी बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। न्यायपालिका के सुचारू संचालन और इसके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए विगत साढ़े आठ साल में सरकार की ओर से कई ठोस कदम उठाए हैं। हाल ही में पेश किए गए यूपी के मेगा

**प्रतिबद्ध**

**▸▸ प्रदेश में न्यायलय भवनों का पुनरोद्धार से लेकर नये भवनों का निर्माण कराएगी योगी सरकार**

बजट 2025-26 में न्याय विभाग के लिए सरकार करीब 800 करोड़ रुपये खर्च करके प्रदेश की अदालतों का कायाकल्प करने जा रही है। इस धनराशि से न केवल न्यायिक प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में उल्लेखनीय मदद मिलेगी, बल्कि अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों का कल्याण भी योगी सरकार की उच्च प्राथमिकता पर है।

**...ताकि 'न्याय के मंदिर' तक आसानी से हो ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों की पहुंच**

योगी सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के लिए नये भवन के निर्माण के लिए करीब 150 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

## जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत करने पर जुटी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: शहरों में जलभराव** की समस्या न हो इसके लिए योगी सरकार पहले से ही सचेत हो गई है। यही वजह है कि योगी सरकार प्रदेश के नगरीय और मलिन बस्ती क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए तेजी से कार्य कर रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री नगरीय अविकसति एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत मथुरा, मुरादाबाद, आजमगढ़ और गाजियाबाद जिलों में 16 प्रमुख विकास परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

**मुहिम** सूबे की सत्ता संभालते ही भूमाफियाओं के लिखाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान छेड़ा

# अब सरकारी जमीनों पर नहीं हो सकेगा कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे की सत्ता संभालते ही भूमाफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान छेड़ा। इसी के तहत प्रदेशभर में लगातार सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। अब तक पूरे प्रदेश में भूफियाओं के कब्जे से 68 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। वहीं कब्जा मुक्त जमीनों पर दोबारा कब्जा न हो इसके लिए श्रावस्ती में अभिनव पहल की गयी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप श्रावस्ती जिलाधिकारी ने सरकारी



जमीन की पहचान कर उस पर शिलापट (पट्टिका) लगाने की प्रक्रिया शुरू की है, जिस पर भूमि का पूरा विवरण दर्ज होगा। श्रावस्ती की पहल पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल बनेगी।

**शिलापट पर दर्ज होगा भूमि का प्रकार, भूमि की श्रेणी रकबा समेत अन्य जानकारी**

श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में जिले की सरकारी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत अब खाली सरकारी जमीनों पर शिलापट लगाए जा रहे हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यह भूमि सरकारी स्वामित्व की है और इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा करने वालों के लिए खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 397 ग्राम पंचायतों में तमाम ऐसी सरकारी भूमि है, जिसकी जानकारी सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। जिलाधिकारी ने बताया कि शिलापट में उस भूमि का प्रकार, भूमि की श्रेणी, रकबा, ग्राम सभा व गाटा संख्या आदि दर्ज होगी, जिससे किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत ढंग से उस जमीन पर मालिकाना हक जताने की संभावनाओं को खत्म किया जा सके।

